नई दिल्ली
बुधवार 22 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 94
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 28

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



9 जिम्बाब्वे के खिलाफ सूर्यवंशी का मिशन 150 सिक्स, टी20 में होंगे नंबर-1





Hero
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
Destini
110cc और 125cc में उपलब्ध
मज़बूत मेटल बॉडी
माइलेज 56.2 KMPL# बेस्ट इन सेगमेंट
LED प्रोजेक्टर हेडलैम्प
सबसे बड़ी सीट** बेस्ट इन सेगमेंट
785MM
बड़े और चौड़े [R12] एलॉय व्हील्स
रचनात्मक चित्रण.
स्कैन करें और हीरो डेस्टिनी जीतने* का मौका पाएं
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
एक्स-शोरूम कीमत ₹73,900~
कम डाउन पेमेंट ₹5,999^
Hero GoodLife जीतने का मौका चांदी का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स$
pine labs PAY LATER CASHBACK UPTO ₹10,000^
Additional Offers On amazon.in Flipkart
TOLL FREE 1800 266 0018
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #As per the internal benchmarking of 110cc scooters in India under standard conditions; may vary as per the riding conditions. **Basis the data available in public forum for products in 110cc scooter segment. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. $Offer valid only on purchase of new Hero Two-wheeler. Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. ~Ex-Showroom Price applicable in Delhi only. Ex-Showroom price is for the Destini 110 VX variant. Creative Visualization.*T&C apply.
Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - Ph: 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero - Ph: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - Ph: 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero - Ph: 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero - Ph: 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero - Ph: 9289922735, Dilshad Garden: R.K Hero - Ph: 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero - Ph: 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero - Ph: 9289923185, Pitampura: Shraman Hero - Ph: 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero - Ph: 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero - Ph: 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - Ph: 9289922382, Upper India Hero - Ph: 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero - Ph: 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero - Ph: 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero - Ph: 9289922530, Raja Puri: Singla Hero - Ph: 7836078383, Samalkha: Singla Hero - Ph: 7836078484, Janak Puri C-1: Singla Hero - Ph: 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero - Ph: 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero - Ph: 9289924309, Nawada: Khanna Hero - Ph: 9289924310, Authorised Dealers: Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero - Ph: 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - Ph: 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero - Ph: 9289923059, Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero - Ph: 9289922073, Shiv Puri: Vijay Nagar, Aman Hero - Ph: 9289232123, Sahibabad: Sahib Hero - Ph: 9289922486, Authorised Dealers: Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies - Ph: 9289233915, Badshahpur: Himgiri Hero - Ph: 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero - Ph: 9289923221, Mehrauli Rd Sector 15: Autoneeds Hero - Ph: 9289922051, Rajiv Chowk: Jasodha Hero - Ph: 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero - Ph: 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero - Ph: 9289924248, Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero - Ph: 9289924089, Faridabad: Sehgal Hero - Ph: 9289922419, NIT: Sehgal Hero - Ph: 7217627327, Neelambata Road: VPS Jindal Motors - Ph: 9289235889.
RS/Hero/07/26

नई दिल्ली
बुधवार 22 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 94
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 33
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## प्रधानमंत्री मोदी बोले: पेपर लीक के जिम्मेदारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संसदीय दल की बैठक में परीक्षा पेपर लीक में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और देश के युवाओं के हितों की रक्षा करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। प्रत्येक मंगलवार को होने वाली एनडीए की यह बैठक 'मंगल मिलन' के नाम से जानी जाती है।

संसद भवन के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में हुई इस बैठक के बारे में जानकरी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को प्रधानमंत्री के संबोधन की प्रमुख बातों से अवगत कराया। पीएम मोदी ने कहा है कि नीट परीक्षा के पेपर लीक को लेकर चिंताओं के बीच सरकार 'स्टूडेंट्स के साथ खड़ी है' और गड़बड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह साफ कर दिया है कि पेपर लीक देश की चिंता का विषय है, जिसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।

- ▶▶ कहा, पेपर लीक देश की चिंता का विषय है, जिसका राजनीतिकरण ठीक नहीं
- ▶▶ संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने मीडिया को एनडीए संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री के संबोधन की प्रमुख बातों से अवगत कराया
- ▶▶ मुक्त व्यापार समझौते किसानों के कल्याण और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किए गए: मोदी

बैठक के बाद संवाददाताओं से रिजिजू ने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश में भविष्य की परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए सभी संबंधित पक्षों से मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने परीक्षा पेपर लीक में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और देश के युवाओं के हितों की रक्षा करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर



# छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में पीएम आवास घेरा प्रियंका सहित कई सांसद गिरफ्तार, बाद में सभी रिहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में कल प्रदर्शन कर रहे नौजवानों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्र सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी सांसदों और नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास की ओर मार्च किया और धरना देकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पीएम आवास के बाहर राहुल गांधी से मिलने पीएमओ में राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह आए उनकी सुरक्षा का हवाला देते हुए आग्रह किया कि वे ऐसे सड़क पर प्रदर्शन न करें। मगर राहुल गांधी नहीं माने। फिर केंद्रीय गृह सचिव ने भी आग्रह किया। कांग्रेस के सांसद टस से मस नहीं हुए। बाद में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई सांसदों को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में रिहा कर दिया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, के.सी. वेणुगोपाल सहित कई वरिष्ठ नेता और सांसद शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि छात्रों पर हमला देश के हर परिवार पर हमला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह सोचते हैं कि बिना जवाब दिए और बिना किसी जवाबदेही के बच सकते हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। उन्होंने देश के सभी नागरिकों से छात्रों को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन में शामिल होने की अपील की।

**प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग:** धरने के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के



इस्तीफे की मांग करते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग पूरी तरह अस्वीकार्य है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को छात्रों से माफी मांगनी चाहिए और इस पूरे घटनाक्रम की जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्री अमित शाह तथा स्वयं प्रधानमंत्री को पद छोड़ देना चाहिए।

**संसद में चर्चा नहीं होने देने का आरोप :** पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी नेताओं से कहा कि छात्रों के मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने के लिए उन्हें सरकार की अनुमति लेनी होगी। यह बेहद चिंताजनक है कि संसद में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए भी सरकार की मंजूरी आवश्यक बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संसद का दायित्व सरकार से जवाब मांगना है और छात्रों का मुद्दा पूरे देश के भविष्य से जुड़ा हुआ है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई

राहुल गांधी ने कहा कि देश की शिक्षा और परीक्षा प्रणाली पूरी तरह से टूट चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली को ‘दीमक की तरह खोखला’ कर दिया गया है और लगातार हो रही अनियमितताओं ने छात्रों का विश्वास समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों का मुद्दा उठाती रही है, लेकिन प्रधानमंत्री ने अब तक छात्रों की चिंताओं पर कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को पुलिस कार्रवाई करने के बजाय शिक्षा व्यवस्था में सुधार करना चाहिए।

### युवाओं के लिए अवसरों के सभी रास्ते बंद

राहुल गांधी ने कहा कि देश के युवाओं के सामने रोजगार और भविष्य का गंभीर संकट है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर लगातार कम हो रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षाएं ही युवाओं के लिए उम्मीद का अंतिम रास्ता बची थीं, लेकिन वह व्यवस्था भी बर्बाद हो चुकी है।

## मोदी सरकार दबा रही है युवाओं और विपक्ष की आवाज, कांग्रेस अध्यक्ष ने खोला मोर्चा

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर संसद में छात्रों के मुद्दे पर चर्चा से बचने और विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर कर रही है और छात्रों की जायज मांगों पर चर्चा कराने से भी परहेज कर रही है।

संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए खड़गे ने कहा कि छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल में कई छात्र घायल हुए हैं तथा कुछ को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने इस गंभीर मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग की थी, लेकिन सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी। खड़गे ने कहा कि देशभर से आए छात्र अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग



से प्रदर्शन कर रहे थे। ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर संसद में चर्चा होनी चाहिए थी। उन्होंने सवाल किया कि यदि लोकतंत्र में संसद के भीतर भी विपक्ष को बोलने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## प्रदर्शन जारी रहेगा, सरकार को बात करनी है तो जंतर मंतर आना पड़ेगा : दीपके



*जंतर मंतर पर फिर जुटी प्रदशनकारियों की भीड़, पुलिस के खिलाफ हुई नारेबाजी*

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने बर्बरता की सभी हदें पार की हैं, 12 साल की लड़की का सिर फोड़ा गया, इनका बीस बच्चों की आत्महत्या से मन नहीं भरा है, हम अब सरकार से बात करने नहीं जाएंगे, सरकार को बात करनी है तो जंतर मंतर आना पड़ेगा। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सोमवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से बात करना पूरी तरह से समय की बर्बादी था। पुलिस से दिनभर चले टकराव के बावजूद सोमवार रात से ही प्रदर्शकारी फिर से जंतर मंतर पर जुटने लगे थे। मंगलवार सुबह से लगातार लोगों ने धरना स्थल पर पहुंचना शुरू कर दिया। इनमें युवाओं की तादाद ज्यादा थी। शाम तक धरना स्थल पूरी तरह ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### सीजेपी ने प्रवक्ता विजेता दहिया को पद से हटाया

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के बीच एक मॉल में बर्गर



खाते दिखने पर सीजेपी ने अपने प्रवक्ता विजेता दहिया को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें बर्गर खाने को लेकर सवाल उठाते नजर आ रहे थे। सीजेपी ने इस व्यवहार को असंवेदनशील और पार्टी के सिद्धांतों के खिलाफ बताते हुए ये कार्रवाई की।

### दुष्कर्म मामले में घिरे क्रिकेटर अभिषेक पोरेल

**कोलकाता।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और बंगाल के लिए खेलने वाले क्रिकेटर अभिषेक



पोरेल कानूनी विवाद में फंस गए हैं। एक मेडिकल छात्रा की शिकायत पर दर्ज दुष्कर्म और आपराधिक धमकी के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने पोरेल और एक अन्य आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। एफआईआर में बीएनएस और आईटी एक्ट की गंभीर धाराएं लगाई गई हैं।

### यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से निकलते वक्त एमवी गोल्डन लियो जहाज पर मॉस्को के हमले से जुड़ा है यह मामला

# रूस के मिसाइल हमले में मारे गए भारत के चार नाविक कार्यवाहक राजदूत को तलब कर दिल्ली ने जताया विरोध

*जहाज में चालक दल के थे कुल 17 सदस्य, जिनमें 5 भारतीयों में से 4 मारे गए, जबकि 1 अन्य घायल है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



बीते रविवार को यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से बाहर निकलते वक्त गिनी बिसाऊ के ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज 'एमवी गोल्डन लियो' पर किए गए रूस के मिसाइल हमले में मारे गए 4 भारतीय नाविकों के मामले को लेकर भारत ने बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को नई दिल्ली में रूस के दूतावास में तैनात कार्यवाहक राजदूत (चार्ज-डी अफेयर्स) व्लादिमीर लादानोव को तलब कर विरोध जताया है। जिसमें रूसी अधिकारी के समक्ष हमले की इस घटना को लेकर गंभीर रूप से चिंता जताते हुए कड़ी निंदा की गई है। मंत्रालय ने एक बयान जारी यह जानकारी दी है।

**जहाज में थे सीरिया, भारत के नागरिक:** यहां बता दें कि हमले में चार भारतीयों की मौत हो गई है। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसे यूक्रेन के किसी स्थानीय अस्पताल में जरूरी उपचार प्रदान किया जा रहा है। भारत के मिशन के अधिकारी यूक्रेन के अधिकारियों के साथ मामले को लेकर निकट संपर्क बनाए हुए हैं और इस घटना से प्रभावित हुए देश के नागरिकों के परिजनों तक हर संभव सहायता प्रदान करने में लगे हुए हैं। एमवी गोल्डन लियो में चालक दल के कुल 17 सदस्य (सीरिया, भारत के नागरिक थे) सवार थे। जिनमें 5 भारतीय शामिल हैं। पांच में से चार की दुखद मृत्यु हो गई है। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है।

**भविष्य में न हों ऐसी घटनाएं :** मंत्रालय ने बताया ने रूस के कार्यवाहक राजदूत के समक्ष भारत ने दो टूक अंदाज में यह साफ कर दिया है कि इस प्रकार से वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना और उसकी वजह से मारे जा रहे निर्दोष नागरिकों जैसे मामले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए और उनसे किसी भी सूरत में बचना चाहिए। इसके अलावा इस बात पर भी जोर दिया कि हमलों से जुड़ी इस तरह की घटनाएं वैश्विक समुद्री व्यापार की सुरक्षा और स्थिरता दोनों को कमजोर करती हैं। विदेश मंत्रालय ने रूस के कार्यवाहक राजदूत व्लादिमीर लाडोनोव से नई दिल्ली द्वारा उनके समक्ष रखी गई गंभीर चिंताओं से मॉस्को में अपने अधिकारियों को अवगत कराने का अनुरोध किया है।

### अमेरिका भी कर चुका ऐसा हमला

गौरतलब है कि यह पहला मामला नहीं है। जब अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में भारतीय सवार व्यापारिक जहाज को किसी अन्य देश द्वारा हमला कर निशाना बनाया गया है। इससे पहले पश्चिम-एशिया में अमेरिका- इजरायल और ईरान युद्ध के बीच खासतौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य व ओमान तट के पास भी भारत के नागरिकों की मौजूदगी वाले मालवाहक जहाजों को निशाना बनाया गया है। जिसमें अमेरिका भी शामिल रहा है। इन घटनाओं में भी कई भारतीय नाविकों की मौत हो चुकी है। मामले की पूरी मजबूती के साथ संबंधित देशों के सामने भारत ने उठाकर अपना विरोध भी जताया है। वहीं, अमेरिकी हमले की घटना के बाद खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मामले को फ्रांस में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान उठाया था।

### विवादों का शांतिपूर्ण हल चाहता भारत

रूस-यूक्रेन और अमेरिका-ईरान युद्ध के मध्य भारत लगातार शांति स्थापना के पक्ष में मजबूती से खड़ा है। जिसमें बातचीत और कूटनीति की अहम भूमिका पर भी जोर दिया गया है। नई दिल्ली का स्पष्ट रुख है कि वैश्विक संघर्षों का समाधान कभी भी युद्धक्षेत्र में नहीं निकाला जा सकता है। बल्कि इसके लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता ही सबसे उपयुक्त साबित होगा। जिसमें सभी भागीदार पक्षों को बराबरी के साथ अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए।

## आज से फिलीपींस की यात्रा पर जयशंकर, क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे

*आसियान ढांचे के तहत भी आयोजित की जाएंगी कुछ मंत्रिस्तरीय बैठकें, जिनमें रहेगी विदेश मंत्री की भागीदारी*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक संघर्षों की वजह से चिंताजनक बने हुए हालात के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर बुधवार (22 जुलाई) से फिलीपींस की राजधानी मनीला के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य वहां पर आयोजित की जाने वाली चतुष्कोणीय देशों (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत) के समूह 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की उच्च-स्तरीय बैठक में शामिल होना है। इस बैठक से इतर विदेश मंत्री की समूह देशों के अपने समकक्ष मंत्रियों के साथ भी कुछ द्विपक्षीय बैठकें हो सकती हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि मनीला में डॉ.जयशंकर क्वाड के अलावा कई अन्य बैठकों में भी भाग लेंगे। जिसमें आसियान ढांचे के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली आसियान-भारत बैठक, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और आसियान क्षेत्रीय मंच जैसी बैठकें शामिल हैं। मालूम हो कि हाल ही में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बारे में भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भी सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा की थी। जबकि इससे पहले अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की पहली भारत यात्रा के दौरान भी गोर ने मनीला ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पश्चिम-एशिया में तनाव के बीच संपन्न हुई एनएसए की सऊदी अरब की यात्रा

सऊदी अरब के विदेश मंत्री से हुई अजीत डोभाल की मुलाकात, ऊर्जा सुरक्षा-क्षेत्रीय स्थिति पर हुई चर्चा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में एक बार से शुरू हुए अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बीते सोमवार (20 जुलाई) को सऊदी अरब का दौरा किया है। जिसमें उन्होंने विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक की। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच भारत, सऊदी अरब के आपसी संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की गई है। साथ ही ऊर्जा सुरक्षा को पहले के मुकाबले और अधिक मजबूत बनाने, क्षेत्रीय सुरक्षा, वर्तमान में बने हुए हालात और साझा हितों से जुड़े हुए मुद्दों पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सऊदी अरब के राजनीतिक मामलों के उप-मंत्री सऊद अल साती भी मौजूद रहे। यह जानकारी रियाद में भारत के दूतावास ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए साझा की है। जिसमें बताया कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

**उनसे सवाल था-** आप कांग्रेस की सफाई करते रहे भाजपा में आपको किसने साफ कर दिया?

# उनका जवाब- मैं 30 साल विधायक और 15 साल मंत्री रहा और कितना देगी पार्टी? ख्वाहिशें तो कभी समाप्त नहीं होती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का कहना है कि मेरा मानना है कि पार्टी बहुत दूर की सोचती है। जब पार्टी दूर की सोचती है तो दूर का देखती भी है। मुझे लगता है मुझसे अच्छे विकल्प की तलाश हुई और मुझे 30 साल हो गए थे पार्टी में विधायक रहते हुए। 15 साल मंत्री रहा। और कितना देगी पार्टी। ये विचार स्वयं मेरे मन में आता है। जितना देना था उससे ज्यादा दिया है पार्टी ने। ऐसा मेरा स्वयं का मानना है। कितना मांगोगे आप। ख्वाहिशें तो कभी समाप्त होती नहीं हैं। इसलिए मैं मानता हूं पार्टी ने ठीक किया होगा। नरोत्तम मिश्रा से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत।

दतिया का दम

### यह भी बोले नरोत्तम मिश्रा

- पिछले चुनाव में कांग्रेस नहीं जीती, मैं हारा
- जख्मी कार्यकर्ता को देखकर भावुक हुआ
- दतिया में उद्योगों के लिए काफी संभावनाएं
- दतिया में औद्योगिक क्रांति होनी चाहिए




**उनसे सीधी बातचीत**

**प्रश्नः ऐसा क्या हुआ कि दतिया की सड़कों पर 8-8 किमी तक नरोत्तम मिश्रा का दम देखने को मिला?**

**उत्तरः** कोई दमखम नहीं था। मैं तो था भी नहीं। कार्यकर्ता थोड़ा आवेश में आए थे। अपनापन दिखाने का रास्ता कार्यकर्ताओं ने अलग चुना। बातचीत जब हुई तो सब शांत हो गए थे, मान भी गए थे। भाजपा के कार्यकर्ता की विशेषता है कि जल्दी समरस हो जाता है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## लोधी कॉलोनी के बीके दत्त कालोनी की घटना

# आग लगने से महिला और दो नाबालिग बेटियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोधी रोड स्थित बीके दत्त कॉलोनी के एक घर में मंगलवार को आग लगने से एक महिला और उसकी दो नाबालिग बेटियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान आकांशा शर्मा (40), 12 वर्षीय आराध्या उर्फ मित्जी और आठ वर्षीय मिहिका उर्फ रित्जी के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि महिला का छह सालों से मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति का इलाज चल रहा था और घटना के समय उनके पति मोहित शर्मा तथा परिवार के अन्य सदस्य दूसरी मंजिल पर मौजूद थे।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार आग लगने की सूचना सुबह करीब 10 बजकर 20 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग घर की तीसरी मंजिल पर लगी थी और वहां से दो बच्चियों और एक महिला के शव बरामद हुए हैं। सुबह 11:10 बजे तक आग को बुझा दिया गया। पुलिस को सुबह 10:26 बजे आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और अग्निशमन सेवाओं ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और अग्निशमन वाहनों की सहायता से आग पर काबू पा लिया। अपराध टीम और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल किसी गड़बड़ी का कोई संकेत सामने नहीं आया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। आग लगने के सटीक कारण की जांच की जा रही है।

## जीएसटी रिफंड फ्रॉड केस में तीन सरकारी अधिकारियों समेत पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ साढ़े पांच करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपियों की संपत्ति हुई कुर्क

एंटी करप्शन ब्रांच ने लगभग 5.50 करोड़ के जीएसटी रिफंड फ्रॉड मामले में तीन सरकारी अधिकारियों और दो प्राइवेट व्यक्तियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अपनी तरह के इस पहले मामले में आरोपियों की संपत्ति को भी कुर्क कर लिया गया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों के नाम जीएसटी अधिकारी अजीत सिंह, निरीक्षक अटल भारद्वाज, कलर्क हिमांशु मलिक, अजय कुमार और आशीष मिश्रा बताये गये हैं। एसीबी के ज्वाइंट सीपी विक्रजीत सिंह के अनुसार जीएसटी रिफंड दावों की प्रक्रिया और मंजूरी में कथित अनियमितताओं को लेकर दिल्ली सरकार के ट्रेड एंड टैक्सेस डिपार्टमेंट की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। जांच से पता चला कि वैधानिक प्रावधानों और निर्धारित विभागीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर रिफंड मंजूर किया गया था। अनिवार्य सत्यापन और वित्तीय जांच की प्रक्रिया को दरकिनार किया गया। आरोप है कि दावों के निपटारे के लिए फर्जी दस्तावेज और नकली तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया तथा उन्हें असामान्य रूप से कम समय में मंजूरी दे दी गई। इससे सरकारी खजाने को करीब 5.50 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा। अपराध की कथित आय का एक हिस्सा आरोपी सरकारी अधिकारियों में से एक के परिवार के सदस्यों को हस्तांतरित किया गया था और इसका इस्तेमाल रोहिणी इलाके में दो फ्लैट खरीदने के लिए किया गया था। एसीपी के अनुसार अदालत के आदेश के बाद भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 107 के तहत अपराध की आय का उपयोग करके खरीदी गई संपत्तियों को कुर्क किया गया है। साजिश में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने, अपराध की शेष आय का पता लगाने और डिजिटल और वित्तीय साक्ष्य की जांच करने के लिए तफ्तीश जारी है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी (1) रोहित, पुत्रः** रघुबीर, **पताः** 10/57, त्रिलोक पुरी, दिल्ली **(2) रविंदर पुत्रः** सुरेश कुमार, **पताः** 16/91, त्रिलोक पुरी, दिल्ली **DD No. 42A, U/S: 40 AD. EX Act, थानाः पांडव नगर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) रोहित, (2) रविंदर**, मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) रोहित, (2) रविंदर**, फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) रोहित, (2) रविंदर, DD No. 42A, U/S: 40 AD. EX Act, थानाः पांडव नगर, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रज्ञा गुप्ता
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
पूर्वी जिला, कोर्ट नंबर 29
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9429/ED/2026
(Court Matter)



### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 220 दिनांक 14.07.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**

**नाम**–सीमा।
**पति का नाम** – नरेश।
**पत्ता**– वासी गढी उजाले खाँ तहसील गोहाना जिला सोनीपत।
**उम्र**– 30 वर्ष।
**कद** – 5 फुट 2 इंच।
**हुलियाः**– रंग गोरा, हृष्ट पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, लम्बे बाल, काली आँखें, छोटी नाक, सामान्य गर्दन, दाहिने हाथ की पुस्त पर N.S गुदा हुआ है।
**पहनावा**– नीला सफेद फुलदार सुट व गुलाबी रंग की चुन्नी ओढे हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 26.06.2026 को सीमा पत्नी नरेश वासी गढी उजाले खाँ तहसील गोहाना जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी हैं अब तक वापिस नही आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो. नं. -7419410544
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9467460930
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5060/2027/47372/88/7 दि. 21.07.2026


# डीयूः चार वर्षीय बीए-बीएड प्रवेश के लिए जल्द खत्म होगा इंतजार



■ एक दो दिन में शुरू हो सकती है प्रवेश की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में 'इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी)' के अंतर्गत चार वर्षीय बीए-बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इंतजार की घड़ियां जल्द खत्म हो सकती है और बेसब्री से इंतजार कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है। डीयू की प्रवेश शाखा (एडमिशन ब्रांच) से मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दो तीन दिनों में प्रवेश की घोषणा हो सकती है। डीयू में संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुछ तकनीकी पहलुओं को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पर कार्य चल रहा है और आगामी दो तीन दिनों पर इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकता है। वर्तमान में इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश 'नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी)' के माध्यम से किया जा रहा है। दिल्ली में डीयू के अलावा अन्य कई सरकारी और देश के निजी विश्वविद्यालयों में यह 'बीए-बीएड' कार्यक्रम शुरू किया जा चुका है। जबकि डीयू ने अभी तक इस कार्यक्रम के तहत प्रवेश शुरू नहीं किया है। ऐसे में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, विशेषकर दिल्ली और एनसीआर के अभ्यर्थी, डीयू में आईटीईपी शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कई छात्रों का कहना है कि उन्हें मजबूरन दूसरे विश्वविद्यालयों या राज्यों का रुख करना पड़ रहा है।

### आईटीईपी की सीटों और संस्थानों की संख्या बढ़ाना आवश्यक

डीयू में शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि डीयू जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थान में आईटीईपी शुरू होने से शिक्षक शिक्षा को नई दिशा मिलेगी और छात्रों को अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। उनका कहना है कि एनईपी -2020 के उद्देश्यों को पूरी तरह लागू करने के लिए राजधानी में आईटीईपी की सीटों और संस्थानों की संख्या बढ़ाना भी आवश्यक है और सरकार को इस तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### स्कूलों के लिए तैयार होंगे प्रशिक्षित और आधुनिक शिक्षक

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत देशभर में चार वर्षीय आईटीईपी लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्कूलों के लिए बेहतर प्रशिक्षित और आधुनिक शिक्षकों की तैयारी करना है। हालांकि, देश की राजधानी दिल्ली में इस महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम के विकल्प अभी भी सीमित हैं। इससे हर वर्ष शिक्षक बनने का सपना देखने वाले हजारों विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## मिरांडा हाउसः विद्यार्थियों ने सीखा शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ देश भर के 442 स्टूडेंट्स ने किया मिरांडा हाउस में समर इंटर्नशिप

दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज में 9 जून से 21 जुलाई 2026 तक आयोजित छह सप्ताह का "फ्लेवर ऑफ रिसर्चः इन्वेस्टिगेटिव प्रोजेक्ट्स इन मल्टीडिसिप्लिनरी कॉन्टेक्स्ट्स" समर इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस वर्ष देशभर के 73 शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों से 442 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और विद्यार्थियों ने शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने का हुनर सीखा। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को शोध का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। कार्यक्रम में भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, गणित, भूगोल तथा राजनीति विज्ञान सहित विभिन्न विषयों में शोध परियोजनाओं पर कार्य कराया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन डीआरडीओ, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक (एक्स्ट्राम्यूरल रिसर्च एवं बौद्धिक संपदा अधिकार) डॉ. शिव कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध के माध्यम से समाज और देश की वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। छह सप्ताह तक विद्यार्थियों ने मिरांडा हाउस के शिक्षकों एवं शोध विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विभिन्न शोध परियोजनाओं पर कार्य किया और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। समापन समारोह में डीयू के कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मिरांडा हाउस की प्राचार्या प्रो. बिजयलक्ष्मी नंदा तथा डी. एस. कोठारी सेंटर, मिरांडा हाउस की प्रो. मोनिका तोमर भी मौजूद रहीं।

## डीटीसी कर्मचारियों ने की बेसिक डीए ग्रेड पे लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों ने दिल्ली सरकार से बेसिक डीए ग्रेड पे लागू करने की मांग की है। डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के अध्यक्ष ललित चौधरी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह से मांग की है कि वह डीटीसी के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों के लिए बेसिक डीए ग्रेड पे तुरंत लागू करें। उन्होंने भरोसा जताया है कि भाजपा सरकार पर उन्हें पूरा भरोसा है। वहीं एक कर्मचारी ने कहा कि महंगाई इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है। इसलिए सरकार को उनकी सैलरी बढ़ाई चाहिए। यूनियन ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी मांगों को लिखकर सरकार से अपनी मांग उठाई है।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/FSO/306

हमकि (1) केवेन्द्र सुराना एच.यू.एफ. जीतन झंतजं केवेन्द्र सुराना, निवासी मकान न0 एस–313, जे.के.–2, ग्रेटर कैलाश, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली–110048 व (2) विमल चन्द सुराना पुत्र राजमल सुराना, निवासी लाल कटरा, हल्दियों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर, राजस्थान–302003 व (3) नीना गुप्ता पत्नी नीरज गुप्ता, निवासी मकान न0 एम–27, मार्किट ग्रेटर कैलाश – 2, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली–110048 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव झांझरोला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार अराजी खेवट न0 39/20, खाता न0 39, मु0 न0 24, किला न0 18/3(0–4), 19/2(3–6), किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 10 मरले सालम भाग (जिसमें केवेन्द्र सुराना एच.यू.एफ. जीतन झंतजं केवेन्द्र सुराना मालिक व काबिज है) व खेवट न0 40/21, खाता न0 40, मु0 न0 24, किला न0 19/3(3–10) किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 10 मरले सालम भाग (जिसमें विमल चन्द सुराना मालिक व काबिज है), व खेवट न0 41/22, खाता न0 41, मु0 न0 24, किला न0 19/4(0–15) किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले सालम भाग (जिसमें नीना गुप्ता मालिक व काबिज है) व खेवट न0 43/24, खाता न0 43, मु0 न0 23, किला न0 11/2(0–9), 12/2(0–9), 13/1/2(0–8), मु0 न0 24, किला न0 15/2/2(0–9), 16/1(0–0), 17/1(0–9), 18/1(0–9), 19/1(0–9), किते 8, तादादी रकबा 3 कनाल 2 मरले का 40/547 भग, बकदर 0 कनाल 4 मरले 5 सरसाई (जिसमें केवेन्द्र सुराना एच.यू.एफ. जीतन झंतजं केवेन्द्र सुराना 18/547 भाग व विमल चन्द सुराना 18/547 भाग व नीना गुप्ता 4/547 भाग), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 7 कनाल 19 मरले 5 सरसाई (0.99722 एकड़) वाका रकबा मौजा झांझरोला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 24, किला न0 18/3(0–4), 19/2(3–6), 19/3(3–10), 19/4(0–15) किते 4, तादादी रकबा 7 कनाल 15 मरले व खेवट न0 43/24, खाता न0 43, किते 8, तादादी रकबा 3 कनाल 2 मरले का 40/547 भग, बकदर 0 कनाल 4 मरले 5 सरसाई, कुल तादादी रकबा 7 कनाल 19 मरले 5 सरसाई (0.99722 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जागेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 21.07.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com


## एमसीडी में 500 करोड़ का टोल टेंडर घोटाला आया सामने : नारंग

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में टोल के टेंडर देने में 500 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। आप नेता और एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने घोटाले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई और टेंडर में पारदर्शी समीक्षा की मांग को लेकर एक पत्र निगम आयुक्त को लिखा है। उन्होंने कहा कि टेंडर की शर्तें इस तरह बनाई गईं कि प्रतिस्पर्धा सीमित हो गई और चुनिंदा कंपनियों को फायदा पहुंचाया गया। इसका सीधा नुकसान एमसीडी के राजस्व और दिल्ली की जनता को होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के पैसे पर भ्रष्टाचार नहीं चलेगा। निगम आयुक्त को जवाब देना होगा कि भाजपा के किस नेता के इशारे पर यह बड़ा खेल खेला गया। नारंग ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली एमसीडी के टोल (ईसीसी) टेंडर में 500 करोड़ रुपए का घोटाला किया है। इस घोटाले की वजह से एमसीडी को 500 करोड़ रुपए का कम रेवेन्यू आएगा और यह पैसा सीधे लोगों की जेब से जाएगा। नारंग ने कहा कि इस बार टोल टेंडर में भाजपा शासित एमसीडी ने ऐसी शर्तें निकालीं जिससे कंपटीशन खुद-ब-खुद कम हो गया। कुल सात बोलियां आईं, जिनमें से भाजपा ने अपनी मनचाही दो कंपनियों को फेवर किया और उनकी बोलियां स्वीकार कर लीं। योग्य कंपनियों को छोड़कर अपने हिसाब से शर्तें बनाई गई हैं, जिससे दिल्ली की जनता का 500 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ है। नारंग ने कहा कि इस घोटाले के खिलाफ स्काईलार्क लिमिटेड नाम की एक कंपनी ने कोर्ट में केस भी डाला है।

# सिंघू बॉर्डर से कई किसान हिरासत में लिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ बॉर्डर इलाकों में पुलिस की निगरानी बढ़ी

सीजेपी के प्रदर्शन में हुई हिंसा से सबक लेते हुये दिल्ली पुलिस आने वाले दिनों के लिये खास रणनीति तैयार करने में जुटी है। उधर पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान से भी पुलिस सकते में है। यहीं कारण है कि मंगलवार को सिंघू बॉर्डर पर पुलिस वाहनों की बारीकी से जांच करती नजर आई। इस दौरान चार किसानों को भी दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया। हिरासत में लिये गये लोग किसान घाट पर जा रहे थे।

प्रस्तावित भारत अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले किसान घाट पर एक दिवसीय किसान महापंचायत आयोजित की गई। कुछ किसान हरियाणा से किसान घाट जा रहे थे। उनकी कार जैसे ही सिंघू बॉर्डर से दिल्ली में एंटर हुई पुलिस ने उन्हें रोक लिया। एक किसान ने आरोप लगाया कि उसे और कई अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें दिल्ली जाने की अनुमति नहीं दी और उन्हें अपने वाहन सीमा पर खड़े करने और वहीं रहने का निर्देश दिया।

### कई सड़कों पर यातायात रहा परिवर्तित

**नई दिल्ली।** भारत अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के खिलाफ 'देश बचाओ मोर्चा' के बैनर तले किसान घाट पर मंगलवार को किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस एक दिवसीय महापंचायत में पहुंचे किसानों और प्रदर्शनकारियों को रैपिड एक्शन फोर्स और दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया और उन्हें बसों में भरकर वहां से ले गए बवाना के राजीव गांधी स्टेडियम और कई अन्य थानों में ले गये। प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सुबह 8:30 बजे से ही राजघाट, दिल्ली गेट और शांति वन जैसे प्रमुख चौराहों पर मार्गों का यातायात डायवर्ट कर दिया था और इसे लेकर एडवाइजरी जारी की गई थी। इसके अलावा दिल्ली की सीमाओं से बड़ी संख्या में किसान वापस भी लौटाये गये। गाजीपुर बॉर्डर, यूपी गेट और सिंघू बॉर्डर पर भारी सुरक्षा बल तैनात रहा। यातायात पुलिस की एडवाइजरी के मुताबिक यातायात प्रबंधन को सुचारू बनाए रखने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया जा सकता है। यातायात पुलिस ने दिल्ली गेट, राजघाट क्रॉसिंग, गुरु नानक चौक, शांतिवन चौक, राजघाट डीटीसी डिपो और आईपी फ्लाईओवर से वाहनों के मार्ग परिवर्तित किए जाने की संभावना जता दी थी।

## निवासियों को जल्द मिलेंगे क्यूआर कोड वाले स्मार्ट पीवीसी कार्ड

# लाल डोरा की संपत्तियों का बन रहा डिजिटल रिकॉर्डः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में लाल डोरा की संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड बन रहा है और निवासियों को जल्द ही क्यूआर कोड वाले स्मार्ट पीवीसी कार्ड मिलेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में 'स्वामित्व' (सर्वे ऑफ विलेज एंड मैपिंग विद इंप्रोवाज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया, स्वामित्व) योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार राजधानी के लाल डोरा और आबादी गांवों के निवासियों को उनकी संपत्तियों का आधुनिक, पारदर्शी और सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इस योजना के तहत व्यापक सर्वेक्षण, डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने और स्मार्ट प्रॉपर्टी कार्ड जारी करने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों से लाल डोरा क्षेत्रों में संपत्तियों का व्यवस्थित और प्रमाणिक रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण लोगों को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब दिल्ली सरकार आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रत्येक संपत्ति की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित कर रही है, जिससे भविष्य में रिकॉर्ड अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित होगा। दिल्ली सरकार जल्द ही पात्र लोगों को स्मार्ट प्रॉपर्टी कार्ड जारी करने जा रही है। इसको लेकर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सरकार का मानना है कि स्मार्ट प्रॉपर्टी कार्ड ग्रामीण क्षेत्रों के हित और भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इससे वर्षों से चली आ रही कठिनाइयों का अंत होगा और तकनीक-आधारित सुशासन से हर नागरिक तक पारदर्शी सेवाएं पहुंचेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 48 गांवों को भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ हुए समझौते के तहत योजना में शामिल किया गया है। इनमें से 30 गांवों का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और उनके अंतिम प्रॉपर्टी कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। अब इन कार्डों में डिजिटल हस्ताक्षर जोड़ने और स्मार्ट कार्ड जारी करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि अब तक 12,232 संपत्तियों (पॉलीगॉन) का सर्वेक्षण किया जा चुका है। इनमें से 8,423 संपत्तियां विवाद-मुक्त हैं, जो कुल सर्वेक्षित संपत्तियों का लगभग 69 प्रतिशत हैं और इनके स्मार्ट प्रॉपर्टी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। दक्षिण और उत्तर-पश्चिम जिले में सर्वे की गई सभी संपत्तियां विवाद-मुक्त हैं, जबकि अन्य जिलों में भी विवादों के समाधान के साथ आगे की प्रक्रिया जारी है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह योजना केवल कागजी रिकॉर्ड बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी प्रक्रिया अत्याधुनिक डिजिटल प्रणाली पर आधारित है। योजना के तहत सबसे पहले लाल डोरा क्षेत्र की सीमाओं का चिह्नांकन किया जाता है। इसके बाद भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से पूरे गांव का हवाई सर्वे किया जाता है। फिर राजस्व विभाग के अधिकारी जमीन पर जाकर ड्रोन सर्वे के नक्शे का वास्तविक स्थिति से मिलान करते हैं। यदि किसी प्रकार की विसंगति सामने आती है तो उसकी रिपोर्ट भारतीय सर्वेक्षण विभाग को भेजी जाती है, जिसके बाद आवश्यक सुधार किए जाते हैं। इसके बाद प्रत्येक संपत्ति का रिकॉर्ड तैयार कर उसे एक संपत्ति पहचान संख्या (पीआईडी) प्रदान की जाती है। इसी आधार पर प्रत्येक संपत्ति का आधिकारिक प्रॉपर्टी कार्ड तैयार किया जाता है, जिसे संबंधित जमीन के स्वामी को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके पश्चात पूरे रिकॉर्ड को दिल्ली ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन इन्फॉर्मेशन सिस्टम (डोरिस) से रियल टाइम में जोड़ा जाएगा ताकि भविष्य में रिकॉर्ड लगातार अद्यतन (अपडेट) रहे।

### राजस्व जिलों के नाम की तरह ही एमसीडी के जोनों का हुआ नामकरणः मुख्यमंत्री

दिल्ली में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, स्पष्ट और जनसुविधा के अनुरूप बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जोनों के नामों को नए राजस्व जिला नामकरण के साथ औपचारिक रूप से एकरूप करने के लिए दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की चौदहवीं अनुसूची में संशोधन किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग ने 25 दिसंबर 2025 की अधिसूचना के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 39 उप-मंडल/तहसील और 13 क्षेत्र बनाए थे। इन क्षेत्रों को दिल्ली नगर निगम के 12 जोनों, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और दिल्ली छावनी क्षेत्र के अनुरूप रखा गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रशासनिक दक्षता और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए अब दिल्ली नगर निगम के मौजूदा जोनों के नामों को नए राजस्व जिला नामकरण के साथ औपचारिक रूप से एकरूप किया गया है। संशोधित चौदहवीं अनुसूची में दिल्ली नगर निगम के सभी 250 वार्डों के नाम और उनके संबंधित जोन का विवरण दिया गया है। इसके तहत दिल्ली नगर निगम के 12 जोन अब बाहरी उत्तर, उत्तर, उत्तर-पश्चिम, मध्य उत्तर, पुरानी दिल्ली, मध्य, पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण, पूर्व और उत्तर-पूर्व के नाम से सूचीबद्ध हैं। अधिसूचना में दिल्ली नगर निगम के सभी 250 वार्डों को उनके संबंधित जोनों के साथ विस्तार से सूचीबद्ध किया गया है।

### जलभराव रोकने के लिए 13 जिलों में डीएलसीसी का गठन

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली में जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी 13 जिलों में जिला स्तरीय समन्वय समितियों (डीएलसीसी) का गठन किया गया है। इन समितियों का उद्देश्य जलभराव की रोकथाम के लिए एहतियाती कदम उठाना, मानसून की तैयारियों से संबंधित रणनीति और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी करना तथा मानसून के दौरान और बाद में जलभराव की रोकथाम और उससे निपटने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करना है।


### छात्रवृत्ति के लिये आवेदन

**हरियाणा साहित्य एव संस्कृति अकादमी**
**पी. 16, सेक्टर-14, पंचकूला**

हरियाणा राज्य के गुरुकुलों व संस्कृत महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में (आचार्य, शास्त्री, प्राक्शास्त्री, विशारद, उत्तरमध्यमा, पूर्वमध्यमा, प्राज्ञ तथा प्रथमा इत्यादि) कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए-

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला (संस्कृत प्रकोष्ठ) द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए हरियाणा प्रदेश में अवस्थित सभी संस्कृत गुरुकुलों/विद्यालयों/महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत (आचार्य, शास्त्री, प्राक् शास्त्री, विशारद, उत्तरमध्यमा, पूर्वमध्यमा, प्राज्ञ तथा प्रथमा इत्यादि) कक्षाओं के छात्र/छात्राओं से छात्रवृत्ति आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इसमें केवल वे ही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जिनका प्राप्तांक गत परीक्षा में कम से कम 60% या इससे अधिक हो। आवेदन पत्र संस्था के प्राचार्य के माध्यम से ही भेजा हुआ स्वीकृत होगा।

**नोट**– आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज की फोटो कॉपी लगायें-

1. दोनों सेमेस्टर के अंक पत्र (प्राचार्य द्वारा सत्यापित)।
2. वार्षिक परीक्षा में केवल 2025 के अंक पत्र ही मान्य होंगे।
3. परिवार पहचान-पत्र
4. आधार कार्ड (यदि हरियाणा से बाहर अन्य किसी राज्य के हों)
5. बैंक पासबुक में छात्र का नाम हो। (Updated) खाता नं. व बैंक का आई.एफ.एस.सी.नं. स्पष्ट होना अति आवश्यक है।

उपर्युक्त में से एक भी दस्तावेज न होने पर आवेदन निरस्त किया जायेगा। ऊपरलिखित आवेदन-पत्र कार्यालय में 31 अगस्त, 2026 तक भेजे जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**दूरभाषः 9466437345**
**E-Mail- hariprabhaskt@gmail.com**
**Website- haryanaakademi.ac.in**

कार्यकारी उपाध्यक्ष,
हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी,
पंचकूला

निदेशक
संस्कृत प्रकोष्ठ,
हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी
पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं. 1216/11/8/2027/47364/88/7 दि. 21.07.26







## पुरुष पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से लड़कियों की पिटाई की, आतंकवादी कहा: सीजेपी संस्थापक

# आपको बचाने के लिए मैं और बेहतर कर सकता था, माफी मांगता हूं: दीपके

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मंगलवार को घायल प्रदर्शनकारियों से माफी मांगी। सोमवार को 'संसद चलो' मार्च के तहत पुलिस की कार्रवाई में घायल हुए समर्थकों से माफी मांगते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की अमानवीय हरकतों से आपको बचाने के लिए मैं और बेहतर कर सकता था।

दीपके ने प्रदर्शन में शामिल लड़कियों पर पुलिस कार्रवाई की बर्बरता का हवाला देते हुए दीपके ने हाथ जोड़कर माफी मांगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना नाम पट्टी वाले पुलिसकर्मियों ने महिला प्रदर्शनकारियों सहित कई लोगों की पिटाई की और उन्हें 'आतंकवादी' कहा।

### जंतर-मंतर पर फिर जुटी प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़, पुलिस बर्बरता की रही चर्चा



मंगलवार को फिर से जंतर मतर पर प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रदर्शन स्थल के आस-पास कड़ी सुरक्षा तैनात रही और वॉलेटियर मंच की सफाई करते दिखे। सोमवार को पुलिस द्वारा तंबू और अन्य अस्थायी ढांचों को हटाए जाने के बाद प्रदर्शन के लिए यही एकमात्र ढांचा बचा था। मंच पर लगा तंबू भी पूरी तरह फटा हुआ था। यहा मौजूद ज्यादातर युवाओं सोमवार को पुलिस की कार्रवाई को बर्बरता और अमानवीय बता रह थे।

उनका कहना था कि पुलिस ने निहत्थे और बेकसूर युवाओं को बेरहमी से पीटा। कई लड़कियों ने भी पुलिस द्वारा की गई पिटाई की बातें शेयर की।

सीजेपी की अगुवाई में प्रदर्शनकारी बारिश और कड़ी सुरक्षा के बावजूद पूरी रात जंतर-मंतर पर डटे रहे जबकि एक दिन पहले ही 'संसद चलो' मार्च के दौरान पुलिस ने उन पर कार्रवाई की थी।

'एक्स' पर एक पोस्ट में दीपके ने कार्रवाई में घायल हुए लोगों से माफी मांगी। उन्होंने लिखा, मैं हमारे सभी समर्थकों से माफी मांगता हूं, खासकर उन लड़कियों से जिनकी पुरुष पुलिस अधिकारियों ने बेरहमी से पिटाई की। हम और बेहतर कर सकते थे।

### आंदोलन से जुड़ा कोई भी नेता प्रदर्शन स्थल छोड़कर नहीं गया

दीपके ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे दावों के विपरीत आंदोलन से जुड़ा कोई भी नेता प्रदर्शन स्थल छोड़कर नहीं गया है। उन्होंने बताया कि सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका और सौरभ दास गतिरोध का समाधान खोजने के प्रयास में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मिलने गए थे।

### सरकार युवाओं का खून बहाने को तैयार

दीपके ने आरोप लगाया, 20 से अधिक छात्रों की मौत के लिए जिम्मेदार सिर्फ एक धर्मेंद्र प्रधान को बचाने के लिए सरकार कई युवा छात्रों का खून बहाने को तैयार है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा,अगर आप घायल हुए हैं और आपने यह सब देखा है तो कृपया मुझे 'डीएम' (डायरेक्ट मैसेज) करें।

### 'प्रधान को बर्खास्त किया जाना चाहिए'

सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का 24वां दिन है। रांका ने 'एक्स'पर पोस्ट में कहा, 'सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का 24वां दिन है। वह अब भी हमारे लिए लड़ रहे हैं। हम रुकेंगे नहीं। प्रधान को बर्खास्त किया जाना चाहिए।' भारी सुरक्षा इंतजामों, बहुस्तरीय अवरोधकों और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा के बावजूद, सोमवार को कॉजपा के संसद तक प्रस्तावित मार्च के लिए जंतर-मंतर पर हजारों लोग जमा हुए।

# वांगचुक सफदरजंग अस्पताल से मेदांता शिफ्ट कोर्ट में सरकार ने कहा: 'कोई आपत्ति नहीं'

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने वांगचुक की पत्नी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सलाह दी

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक को मंगलवार शाम को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल से गुरूग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज के लिए शिफ्ट कर दिया गया। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ 28 जून से अनशन कर रहे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल स्थानांतरित करने का मंगलवार को परामर्श दिया। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें एकल पीठ के रविवार के आदेश को चुनौती दी गई है। एकल पीठ ने सफदरजंग अस्पताल में वांगचुक का किये जा रहे उपचार में दखल देने से



इनकार कर दिया था।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वांगचुक को मेदांता अस्पताल स्थानांतरित किए जाने पर केंद्र सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वांगचुक को चिकित्सकीय सलाह के बिना सफदरजंग अस्पताल से छुट्टी की मांग नहीं करनी चाहिए। मेहता ने कहा, 'मेदांता एक प्रतिष्ठित अस्पताल है। यदि उन्हें (वांगचुक को) वहां स्थानांतरित किया जाता है, तो सरकार को कोई आपत्ति नहीं।' सुनवाई के दौरान, पीठ ने सफदरजंग अस्पताल में वांगचुक के उपचार की निगरानी कर रहे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों और जलवायु कार्यकर्ता के निजी चिकित्सक से भी बातचीत की। अदालत ने पाया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि वांगचुक को लगातार उपचार की जरूरत है।

पीठ ने कहा, 'हम उन्हें मेदांता अस्पताल स्थानांतरित करने की सलाह देते हैं।' अदालत ने यह भी कहा कि वह इस संबंध में भोजनावकाश के बाद आदेश पारित करेगी।

आंग्मो ने अपनी अपील में कहा है कि एकल न्यायाधीश का रविवार का आदेश बिना किसी गिरफ्तारी के ही वांगचुक को अवैध रूप से सफदरजंग अस्पताल में रहने के लिए बाध्य करता है और यह निर्देश देता है कि न तो वांगचुक और न ही उनकी पत्नी के पास उनके चिकित्सीय उपचार से संबंधित निर्णय लेने का अंतिम अधिकार है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान वांगचुक के सफदरजंग अस्पताल में जारी इलाज के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था सरकार द्वारा वांगचुक को जंतर-मंतर से सफदरजंग अस्पताल ले जाने की कार्रवाई को मनमाना नहीं माना जा सकता। दिल्ली पुलिस शनिवार को वांगचुक को उनके अनशन के 21वें दिन जंतर-मंतर स्थित प्रदर्शन स्थल से 'बलपूर्वक' सफदरजंग अस्पताल ले गई थी। इसके अगले दिन आंग्मो ने अदालत का रुख कर याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था।

# प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई अंग्रेजों की बर्बरता से भी बदतर थी: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युवा प्रदर्शनकारियों पर हमने पुलिस की बर्बरता देखी! यहां तक कि अंग्रेजों ने भी स्वतंत्रता सेनानियों पर उस तरह का जुल्म नहीं ढाया जैसा नरेन्द्र मोदी सरकार ने हमारे बच्चों पर किया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि पुलिस बिना किसी उकसावे के लड़कियों और छात्रों को लगातार पीटती रही और उन पर लाठी बरसाती रही। उन्होंने इन दृश्यों की तुलना 1919 में जलियांवाला बाग में जनरल डायर द्वारा की गई बर्बरता से की। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारियों पर उसकी कार्रवाई अंग्रेजों की बर्बरता से भी बदतर थी। केजरीवाल ने कहा कि पार्टी ने घायल प्रदर्शनकारियों को चिकित्सकीय सहायता और हिरासत में लिए गए छात्रों के परिजनों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। केजरीवाल ने कहा, 'मैं प्रदर्शनकारियों के माता-पिता और परिजनों से कहना चाहता हूं कि आपको डरने की जरूरत नहीं है, हम आपके साथ हैं। हेल्पलाइन नंबर पर संदेश भेजें। हम आपसे संपर्क करेंगे, और कानूनी सहायता तथा चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध



कराएंगे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खुद इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा नहीं ले सके, लेकिन उनके दोनों बच्चे प्रदर्शनकारियों के साथ मार्च में शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, 'मोदी जी, आप देश के सबसे बड़े राष्ट्रविरोधी हैं। आप हमारे छात्रों को 'राष्ट्रविरोधी' कह रहे हैं लेकिन आप प्रश्न पत्र लीक रोकने में नाकाम रहे हैं।' संवाददाता सम्मेलन के बाद केजरीवाल संसद मार्ग थाना पहुंचे। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अभी संसद मार्ग थाना आया हूं। पुलिस उपायुक्त से मिलने के लिए अभी उनके कमरे के बाहर बैठा हुआ हूं। उनका इंतजार कर रहा। पुलिस ये जानकारी सार्वजनिक करे, कल के प्रदर्शन से संबंधित जितनी प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, उसकी

- **'आप' ने प्रदर्शनकारियों की कानूनी, चिकित्सकीय सहायता के लिए हेल्पलाइन शुरू की**

पूरी सूची। और, जिन बच्चों को बिना प्राथमिकी के गिरफ्तार किया गया है, उनकी सूची और वे किस जेल में हैं।' उन्होंने कहा कि किसी बच्चे को या उनके माता-पिता को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। केजरीवाल ने कहा, 'आप हमारे हैं। आपको कुछ नहीं होने देंगे।' केजरीवाल राम मनोहर अस्पताल में घायल प्रदर्शनकारियों का हाल जानने पहुंचे। बाद में वे जंतर मंतर जाकर अभिजीत दीपके और उनके साथियों से भी मिले।

### सीजेपी ने विजेता दहिया को प्रवक्ता के पद से हटाया

नई दिल्ली। संसद चलो मार्च के एक दिन बाद मंगलवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने विजेता दहिया को प्रवक्ता के पद से हटा दिया है। सीजेपी ने एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। सोमवार को संसद चलो मार्च के दौरान सीजेपी प्रदर्शनकारियों के ख़िलाफ़ पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इस दौरान विजेता दहिया का एक कथित वीडियो वायरल हुआ था। बीते जून महीने में सोशल मीडिया सेंसेशन बन गई कॉकरोच जनता पार्टी ने अपने तीन प्रवक्ताओं की घोषणा की थी। इनवेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट सौरव दास को मुख्य प्रवक्ता की भूमिका दी गई थी जबकि राजनीतिक शोधकर्ता, लेखक और फ़िल्मकार विजेता दहिया और आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र आशुतोष रांका को प्रवक्ता बनाया गया था।

### फिल्मी हस्तियों ने की दिल्ली में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना

**नई दिल्ली।** अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ, फिल्मकार अनुराग कश्यप, अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा, हुमा कुरैशी सहित फिल्म जगत की कई प्रमुख हस्तियों ने 'नीट' परीक्षा प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के विरोध में संसद की ओर मार्च कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई की आलोचना की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर हजारों छात्रों ने सोमवार को संसद की ओर मार्च करने का प्रयास किया था, लेकिन पुलिस ने उन्हें आंसू गैस के गोले छोड़कर और लाठीचार्ज कर आगे बढ़ने से रोक दिया। पिछले महीने के अंत से इस आंदोलन का नेतृत्व कर रही 'कॉकरोच जनता पार्टी' ने आरोप लगाया है कि दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को संसद तक पहुंचने से रोकने के लिए अत्यधिक बल प्रयोग किया, जिससे कई छात्र घायल हो गए।




### सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान घायल हुई युवती को आरएमएल अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया'

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई में घायल हुई एक युवती को यहां राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में 'वेंटिलेटर' पर रखा गया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। युवती को सोमवार को प्रदर्शन के दौरान चोटें आई थीं। सूत्रों ने बताया कि कॉजपा के प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई में घायल हुई एक युवती आरएमएल अस्पताल में वेंटिलेटर पर है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक बयान में दावा किया था कि प्रदर्शन के दौरान 118 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए, जबकि घायल प्रदर्शनकारियों की संख्या 60 है। यह प्रदर्शन कॉजपा द्वारा आयोजित किया गया था। परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को संसद की ओर मार्च करने का प्रयास किया था।



### दिल्ली पुलिस ने दर्ज की चार एफआईआर

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा सोमवार को आयोजित संसद मार्च के दौरान हुई हिंसा, तोड़फोड़ और अन्य घटनाओं के संबंध में दिल्ली पुलिस ने अब तक चार एफआईआर दर्ज की हैं। दो अन्य एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया में है। दिल्ली पुलिस ने हंगामे प्रदर्शन के सभी वीडियो फुटेज भी जांच के दायरे में लिये हैं। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि छात्रों के बीच कोई अराजक तत्व तो शामिल नहीं था। पुलिस के अनुसार ये मामले संसद मार्ग, कनॉट प्लेस और अन्य थानों में दर्ज किए गए हैं, जिनमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), आर्म्स एक्ट और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के कई प्रावधानों को शामिल किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक एफआईआर कनॉट प्लेस स्थित रीगल सिनेमा के पास हुई हिंसा और पथराव के संबंध में दर्ज की गई है, जबकि अन्य मामले गैर कानूनी तरीके से इकट्ठा होने, संसद सत्र के दौरान बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने व हिंसा के पीछे कथित साजिश से जुड़े हैं। मारपीट, कानून अपने हाथ में लेने और अन्य संबंधित अपराधों के संबंध में दो और एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

### बॉर्डर इलाकों में पुलिस की निगरानी बढ़ी, सिंघू बॉर्डर से कई किसान हिरासत में लिये गये

नई दिल्ली। सीजेपी के प्रदर्शन में हुई हिंसा से सबक लेते हुये दिल्ली पुलिस आने वाले दिनों के लिये खास रणनीति तैयार करने में जुटी है। उधर पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान से भी पुलिस सकते में है। यहीं कारण है कि मंगलवार को सिंघू बॉर्डर पर पुलिस वाहनों की बारीकी से जांच करती नजर आई। इस दौरान चार किसानों को भी दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया। हिरासत में लिये गये लोग किसान घाट पर जा रहे थे। प्रस्तावित भारत अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले किसान घाट पर एक दिवसीय किसान महापंचायत आयोजित की गई। कुछ किसान हरियाणा से किसान घाट जा रहे थे। उनकी कार जैसे ही सिंघू बॉर्डर से दिल्ली में एंटर हुई पुलिस ने उन्हें रोक लिया। एक किसान ने आरोप लगाया कि उसे और कई अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें दिल्ली जाने की अनुमति नहीं दी और उन्हें अपने वाहन सीमा पर खड़े करने और वहीं रहने का निर्देश दिया।



# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

लाइफ Style



# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।

## हॉलीवुड मसाला




# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



# अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

## पेज एक का शेष

### छात्रों पर हुए लाठीचार्ज...

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों का लाभ केवल चुनिंदा उद्योगपतियों को मिल रहा है, जबकि सामान्य युवाओं के लिए न नौकरी है और न ही उद्यमिता के पर्याप्त अवसर।

**₹यह केवल शिक्षा का नहीं, युवाओं के भविष्य का सवाल₹ :** राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों का आंदोलन केवल परीक्षा प्रणाली तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और उनकी मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था की कमियों को दूर करने के बजाय छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

**शिक्षा मंत्री पर भी साधा निशाना :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें भी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। हालांकि उन्होंने कहा कि छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की है, इसलिए गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री प्रधानमंत्री को रिपोर्ट करते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री को भी इसकी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए।

**घायल छात्रों से मिले राहुल गांधी :** धरना-प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और के.सी. वेणुगोपाल के साथ राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस कार्रवाई में घायल छात्रों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह छात्रों के मुद्दे को संसद से लेकर सड़क तक लगातार उठाती रहेगी और शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े सवालों पर सरकार से जवाब मांगती रहेगी।

### मोदी सरकार दबा...

का अवसर नहीं मिलेगा, तो जनता के मुद्दे आखिर कहां उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले पर केंद्रीय गृह मंत्री को संसद में बयान देना चाहिए था और उसके बाद सभी दलों के नेताओं को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए था। लेकिन सरकार ने चर्चा से बचकर लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसदीय परंपराओं को कमजोर करने का प्रयास किया है। खड़गे ने कहा कि विपक्ष केवल चर्चा चाहता था। उन्होंने सवाल उठाया कि छात्रों पर लाठीचार्ज क्यों किया गया, उन्हें क्यों पीटा गया और यदि संसद में भी इन सवालों को नहीं पूछा जा सकता, तो फिर लोकतंत्र का क्या अर्थ रह जाता है।कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान निकालने के बजाय टकराव का माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं अराजकता जैसी स्थिति पैदा कर रही है और फिर लाठीचार्ज, बल प्रयोग तथा गिरफ्तारियों के जरिए लोगों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो विपक्ष, न छात्र और न ही बेरोजगार युवा अराजकता फैला रहे हैं, बल्कि सरकार की नीतियां ही इस स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। खड़गे ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले दिन संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सांसदों की आवाजाही पर भी रोक लगाई गई और उन्हें ऐसा महसूस कराया गया मानो वे किसी जेल में हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्थिति को नियंत्रित करने में विफल रहे हैं तथा उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम पर संसद में कोई बयान भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस पूरे घटनाक्रम की कड़ी निंदा करती है और छात्रों तथा युवाओं से जुड़े मुद्दों को संसद के भीतर और बाहर लगातार उठाती रहेगी। खड़गे ने यह भी कहा कि कांग्रेस आने वाले दिनों में राम मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं तथा विपक्ष की आवाज दबाए जाने के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाएगी।

### प्रदर्शन जारी रहेगा..

से भर चुका था। दीपके ने कहा कि देश के युवाओं को उम्मीद नहीं छोड़नी है। हमें आवाज उठाते रहना है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि हमारी उम्मीद टूटे लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे। दीपके ने कहा कि हम अपनी मांगें सरकार को बता चुके हैं, अब हम सरकार से बात करने कहीं नहीं जाएंगे, अगर सरकार को बात करनी है तो हमारे पास आना पड़ेगा, हम मिलने नहीं जाएंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि हमें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफे को लेकर सरकार क्या सोच रही है, हमारा प्रोटेस्ट जारी है। दीपके ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, मैं अपने सभी समर्थकों, ख़ासकर उन लड़कियों से माफ़ी मांगता हूं, जिन्हें पुरुष पुलिस अधिकारियों ने बेरहमी से पीटा। हम इससे बेहतर कर सकते थे। दिल्ली पुलिस की अमानवीय कार्रवाई से आपको बचाने के लिए मैं और बेहतर कर सकता था।

**पुलिस ने सिर फूटने की बात गलत बताई:** उधर, दिल्ली पुलिस ने फ़ैक्ट चेक लिखते हुए बताया कि 12 वर्षीय बच्ची के साथ मारपीट, सिर पर चोट और 40-50 लोगों के सिर फूटने से जुड़ीं ग़लत जानकारी वाली सोशल मीडिया पोस्ट्स प्रसारित हो रही है। ये जानकारी झूठी है। पोस्ट्स में किए गए दावे सच नहीं हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी...

हाल ही में हुए नीट पेपर लीक मामले में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और 13 आरोपी अभी जेल में हैं। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि नीट पर विपक्ष देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में हमने तुरंत कार्रवाई की। पीएम मोदी ने कहा कि नीट का रिजल्ट भी हमने जल्दी निकाल दिए. पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक तौर पर बच्चों का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ नहीं खेलना चाहिए। मोदी ने कहा कि जब पेपर लीक की खबर आई तो सरकार ने इसपर तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि कई लोगों को पकड़कर जेल में डाला गया है। पीएम मोदी ने कहा कि साथ ही साथ जो छात्र हैं उनके भविष्य को नुकसान ना हो इसलिए तुरंत नीट के रीएग्जाम करवाया गया। रिएग्जाम को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया और इसका रिजल्ट देने में भी देरी नहीं की गई। दोबारा पेपरलीक ना हो इसके लिए सख्ती वाले कदम उठाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने पेपरलीक किया है और जो दोषी पाए गए हैं उनको जेल में डाला गया है। उन्होंने अपील की है कि उनकी जो सजा है उसको सख्त से सख्त सजा कैसे दिया जाए उसमें टॉप क्लास के वकील भी साथ दें, ताकि पेपर लीक का जो पाप उन्होंने किया है उसमें उन्हें सख्त सजा मिले। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में भी बात की जो भारत ने कई देशों के साथ किए हैं। बैठक के दौरान, मोदी ने कहा कि हर मुक्त व्यापार समझौते में भारतीय किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी समझौते किसानों के कल्याण और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किए गए हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि संसद के मॉनसून सत्र का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए विधेयकों को पारित कराने में रचनात्मक और सकारात्मक भूमिका निभाएगा। रिजिजू ने विपक्षी दलों से संसद में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि भले ही राजनीतिक मतभेद हों, लेकिन सभी सांसद देश की सेवा करने, उसके भविष्य की रक्षा करने और युवाओं के कल्याण के लिए काम करने के लिए चुने गए हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से व्यापक राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान एनडीए के सहयोगी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने पर बधाई देने वाला प्रस्ताव पारित किया।

### आज से फिलीपींस...

में होने वाले इस बैठक का उल्लेख किया था।

**सुदृढ़ होगी रणनीतिक साझेदारी:** जयशंकर की यह यात्रा 22 जुलाई को शुरू होगी और 23 जुलाई को इसका समापन होगा। मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री की यह यात्रा आसियान-भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर प्रदर्शित की जा रही दृढ़ प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करती है। इसके अलावा इससे आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को भी और अधिक मजबूती मिलेगी। यहां पर ध्यान देने वाली एक और बात यह है कि मौजूदा साल यानी 2026 को भारत-आसियान समुद्री सहयोग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिससे इस यात्रा का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। डॉ.जयशंकर की क्वाड के अलावा आसियान देशों के विदेश मंत्रियों के साथ भी बैठकें हो सकती हैं।

### पश्चिम-एशिया में ...

एनएसए का रियाद हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद सऊदी के विदेश मंत्रालय के राजनीतिक मामलों के उप मंत्री डॉ.सऊद अल साती और भारत के राजदूत डॉ.सुहेल खान ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। फिर उन्होंने सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुल अजीज बिन सलमान, विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और सऊदी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डॉ.मुसाएद अल अइबान से कुछ अहम बैठकें की।

**5 महीनों में की गई तीसरी यात्रा:** यहां बता दें कि इस साल एनएसए डोभाल की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले वह मार्च और अप्रैल महीने में भी खाड़ी के इस महत्वपूर्ण भारत के साझेदार देश की यात्रा कर चुके हैं। उधर, विदेश मामलों के जानकार मानते हैं कि अजीत डोभाल की यह यात्राएं एक ऐसे समय पर हो रही हैं। जब अमेरिका-ईरान तनाव की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य व अन्य वैश्विक जलमार्गों में तनाव बढ़ने की संभावना है। जिसे देखते हुए भारत भी अपने ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े हितों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए न केवल खाड़ी देशों के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के पक्ष में हैं। बल्कि मामले में अन्य विकल्पों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है।

**बाब अल मंदेब से नहीं गुजरेंगे जहाज :** एनएसए डोभाल की सऊदी अरब की इस यात्रा को लेकर कूटनीतिक हलकों में चर्चा तो यह भी हो रही है कि इसका संबंध बीते वक्त में यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब के खिलाफ की गई समुद्री प्रतिबंधों की घोषणा के बाद की गई है। जिसके बाद विद्रोहियों ने बाब अल मंदेब जैसे एक अन्य महत्वपूर्ण वैश्विक जलमार्ग पर नजरें गड़ाने और वहां से सऊदी अरब के जहाजों को किसी भी सूरत में ना गुजरने देने की धमकी दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि वो हूती के नियंत्रण वाले बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर की गई रियाद की नाकेबंदी से वह नाखुश हैं और इसका बदला लेने के लिए ही उन्होंने यह ऐलान किया है। ज्ञात हो कि बाब अल मंदेब एक अहम अंतरराष्ट्रीय जलडमरूमध्य है। जो लाल सागर को अदन की खाड़ी और हिंद महासागर से जोड़ता है। भौगोलिक आधार पर देखें तो यह यमन और जिबूती-इरिट्रिया के बीच स्थित जलमार्ग है। जिसे एशिया और यूरोप के बीच होने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार का एक महत्वपूर्ण चोकपाइंट भी माना जाता है।

### उनका जवाब- मैं 30 साल ...

■ **प्रश्नः ऐसी नौबत क्यों आई?**

**उत्तरः** मैं समझ नहीं पाया पर मैंने समझने की कोशिश भी नहीं की। चुनाव के बाद जब केंद्रीय और राज्य के नेतृत्व से बात होगी तब मैं आपको बता पाऊंगा।

■ **प्रश्नः आप कांग्रेस की सफाई करते रहे, भाजपा में आपको किसने साफ कर दिया?**

**उत्तरः** यही तो शोध और सोच का विषय है। और यही पर तो चर्चा करनी है। कोई बात नहीं है। मेरा मानना है कि पार्टी बहुत दूर की सोचती है। जब पार्टी दूर की सोचती है तो दूर का देखती भी है। मुझे लगता है मुझसे अच्छे विकल्प की तलाश हुई और मुझे 30 साल हो गए थे पार्टी में विधायक रहते हुए। 15 साल मंत्री रहा। और कितना देगी पार्टी। ये विचार स्वयं मेरे मन में आता है। जितना देना था उससे ज्यादा दिया है पार्टी ने। ऐसा मेरा स्वयं का मानना है। कितना मांगोगे आप। ख्वाहिशें तो कभी समाप्त होती नहीं हैं। इसलिए मैं मानता हूं पार्टी ने ठीक किया होगा।

■ **प्रश्नः पार्टी को आपसे बेहतर विकल्प की तलाश किसलिए?**

**उत्तरः** चुनाव हारने के बाद पार्टी ने मुझे ई चुनाव टोली का संयोजक बनाया। महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार चुनाव में भेजा। पार्टी तो लगातार काम दे ही रही है। बाकी इससे ज्यादा कोई इच्छा अब है भी नहीं।

■ **प्रश्नः दतिया में ढाई साल पहले आप क्यों चुनाव हारे?**

**उत्तरः** मैं अतिविश्वास में था इसका मुझे नुकसान हुआ। कांग्रेस के भ्रम का शिकार भाजपा और दतिया की जनता हो गई। ये भ्रम दतिया में जोर-शोर से चला कि कांग्रेस की सरकार आने वाली है। उसका भी नुकसान हुआ। ऐसे दो तीन कारण रहे जिसके कारण मैं चुनाव हार गया। मैं आज भी मानता हूं दतिया में कांग्रेस नहीं जीती, मैं हारा।

■ **प्रश्नः आप कांग्रेस को मैनेज कर लेते हैं इस पर क्या कहेंगे?**

**उत्तरः** आशुतोष तिवारी के बाद कांग्रेस के घनश्याम का टिकट हुआ है। मैनेजमेंट जैसी कोई बात नहीं है। मैंने कहा कि मैं अतिआत्मविश्वास के कारण हार गया था मैंनेजमेंट के कारण नहीं।

■ **प्रश्नः घनश्याम सिंह को 2008 में आपने दतिया से विदा कर दिया था, 2026 में वो फिर कैसे दिखाई दे रहे हैं?**

**उत्तरः** घनश्याम सिंह 2008 में मेरे खिलाफ लड़े थे तीसरे नंबर पर आए थे। वे पहले 10 साल दतिया से विधायक रहे हैं। उनके पिताजी दतिया से 5 साल तक सांसद रहे हैं। वो दतिया में ही रहते हैं और दतिया के राजा कहलाते हैं। कांग्रेस के सर्वे में उनका नाम आया होगा इसलिए मैं मानता हूं कि कांग्रेस ने उनको टिकट दिया होगा।

■ **प्रश्नः क्या आपके चुनाव मैदान में नहीं रहने से घनश्याम सिंह को टिकट मिल गया?**

**उत्तरः** नहीं, उन्होंने क्या सोचा, उनकी पार्टी ने क्या सोचा। इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। मेरी उनसे अभी तक बात नहीं हुई है। मैं इतना जानता हूं कि मुझे पार्टी के लिए काम करना चाहता हूं।

■ **प्रश्नः तो आपकी बात किस-किस से हुई?**

**उत्तरः** मेरी बात सीएम, प्रदेश अध्यक्ष से, चुनाव संचालन टोली से हुई है। मैं निकला ही नहीं हूं दतिया से बाहर। 10 तारीख को टिकट कटा। 11 को भोपाल और दिल्ली गया। उसके बाद दतिया से कहीं गया ही नहीं हूं। मैं अपने नवग्रह पीठ पर हूं।

■ **प्रश्नः जितनी मेहनत आपने टिकट मिलने की उम्मीद को लेकर की थी अब उसे कैसे संभाल रहे हैं?**

उत्तरः सब कार्यकर्ताओं को काम पर लगा दिया है। सब काम कर रहे हैं। थोड़े बहुत जो रह गए होंगे उनको भी काम पर लगाएंगे।

प्रश्नः जनता कह रही है कि आपके लोगों ने तो पार्टी का काम लगा दिया?

उत्तरः यह सच है। आपकी बात से मैं आशिंक रूप से सहमत हूं। लेकिन आपने देखा होगा कि मेरे आते ही सारे इस्तीफे वापस हुए और सारे लोग काम में लग गए। चुनाव प्रचार में सब लोग रोज साथ में हैं और एक भी व्यक्ति अनुपस्थित नहीं है। हम सब साथ में काम कर रहे हैं।

■ **प्रश्नः आप भावुक क्यों हो गए?**

**उत्तरः** मेरे सामने वो कार्यकर्ता आ गया था जिसके सिर पर अश्रु गैस का गोला लगा था। वो साामने आ गया था जब मैं भाषण दे रहा था। तो स्वाभाविक से मुझे पीड़ा हुई उसे देखकर। इसलिए उसे देखकर भावुक हो गया। टिकट के लिए गला नहीं रूंधा। बहुत दिया है पार्टी ने। आपके समक्ष भी हाथ जोड़कर पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं। ये सच है कि पुलिस ने गाड़ियां तोड़ीं, कार्यालय के अंदर अश्रु गैसे के गोले छोड़े। मैं खुद यह समझ नहीं पाया कि पुलिस ने सारी गाड़ियों के कांच क्यों तोड़ दिए। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को उत्तेजित किया। अभी तक ये बातें मेरी समझ से परे हैं। मैंने शीर्ष नेतृत्व को इस संबंध में अवगत करा दिया है। अब वो क्या निर्णय लेते हैं ये शीर्ष नेतृत्व का विवेक है।

■ **प्रश्नः राजेंद्र भारती का आरोप है कि आप ही इस चुनाव के लिए जिम्मेदार हैं, क्या कहेंगे?**

**उत्तरः** यह घटना 25 साल पहले की है 1998 की जब वे बैंक के अध्यक्ष थे। उस समय उन्होंने अपनी मां के नाम से यह गलत निर्णय लिया। वो अध्यक्ष थे उस समय और मां के नाम से एफडी बनाई 10 लाख रुपए की। उस समय का 10 लाख रुपए का सोना आज 30 करोड़ का है। पुलिस थाने में केस गया। इनके प्रभाव से रजिस्टर्ड नहीं हुआ। न्यायालय ने आदेश दिया। फिर ये केस को एमपीएमएलए कोर्ट ले गए। 2008 में जब मैं पहली बार दतिया गया चुनाव लड़ने के लिए गया। तो यह केस मेरे आने से पहले का है।

■ **प्रश्नः दतिया में इस चुनाव में क्या मुद्दा है?**

**उत्तरः** दतिया में विकास का मुद्दा है। विकास हमेशा चलने वाली प्रक्रिया है। आवश्यकता आती रहती है। एयरपोर्ट बन गया है। एयर कनेक्टिविटी हो जाए और उसके बाद दतिया में औद्योगिक क्रांति आनी चाहिए। यहां उद्योग की काफी संभावनाएं हैं। यहां कई तरक के रॉ मटेरियल हैं। अगर उनका उद्योग लगता है। जैसे दूध का प्रसंस्करण उद्योग लगे। उसका यहां कोई बड़ा प्लांट आना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विज्यांश ने जीता स्वर्ण पदक



**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, शास्त्री नगर के छात्र एवं गाजियाबाद शूटिंग क्लब के प्रतिभाशाली शूटर विज्यांश चौधरी ने 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स पिस्टल एवं राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 बालक वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, सीबीएसई, जनपद गाजियाबाद तथा देश का गौरव बढ़ाया।

### पुलिस ने परखें स्कूलों बसों में सुरक्षा मानक



**गुरुग्राम।** यातायात पुलिस ने सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत पटौदी क्षेत्र के तीन स्कूलों में 45 स्कूली बसों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूली बसों में जरूरी मानकों की जांच की। यातायात पुलिसकर्मियों ने स्कूली बसों के चालकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेडओ एएसआई धर्मबीर, आरटीओ टीम ने चालकों व स्कूल प्रबंधन को सुरक्षित वाहन पॉलिसी के बारे में जानकारी दी।

### यथार्थ हॉस्पिटल ने की ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी



**फरीदाबाद।** यथार्थ हॉस्पिटल सेक्टर-88 फरीदाबाद में डॉक्टरों ने एक 57 वर्षीय महिला के ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी कर उन्हें नई जिन्दगी दी। यह ट्यूमर दिमाग के पिछले हिस्से में था, जो शरीर का संतुलन और चलने-फिरने की क्षमता नियंत्रित करता है। सफल सर्जरी के बाद मरीज को लंबे समय से हो रही चक्कर आने और सिरदर्द की परेशानी से काफी राहत मिली।

### लायन क्लब मैत्री ने किया पौधरोपण



**फरीदाबाद।** लायंस क्लब मैत्री के प्रेसिडेंट लायन संदीप मेहरा ने क्लब की श्यामसुन्दर वृक्षारोपण सेवा परियोजना के साथ हरित हरियाणा के उद्देश्य की पूर्ति के लिए वृक्षारोपण का आयोजन आरडब्ल्यूए सेक्टर-85 डी. के सहयोग से श्री बटेश्वर हनुमान मंदिर के निर्माणाधीन प्रांगण में किया। अधिकतर औषधीय एवं फलदार रोपे गए,जिसमें पीपल, अर्जुन, नीम, आंवला के पौधे प्रमुख रहे।

### सराय काले खाँ स्टेशन पर नेत्र जाँच शिविर



**गाजियाबाद।** यात्री सुविधा एवं कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने एनसीआरटीसी ने सराय काले खां नमो भारत स्टेशन पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इसका उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इससे जुड़ी समस्याओं का पता लगाना और नमो भारत यात्रियों को निशुल्क नेत्र जांच की सुविधा प्रदान करना था।

### चोर को काबू ,चोरीशुदा स्कूटी को बरामद किया



**फरीदाबाद।** वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। 20 जुलाई को अपराध शाखा भूपानी की टीम ने कोतवाली के एक वाहन चोरी के मामले में सूरज निवासी रामनगर कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी बरामद की है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## नगर निगम और आरडब्ल्यूए की पहल से जल संरक्षण को मिली नई मजबूती

# जन्म दिवस पार्क में दो लाख लीटर क्षमता के रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित , भू-जल हो रहा रिचार्ज

देश भर में चलाए जा रहे कैच द रेन अभियान के तहत वर्षा जल संरक्षण को एक जनआंदोलन बनाने की दिशा में नगर निगम गुरुग्राम और आरडब्ल्यूए सेक्टर-23ए की संयुक्त साझेदारी रंग ला रही है। दोनों संस्थाओं के परस्पर सहयोग से शुरू की गई कैच एवरी ड्रॉप पहल के धरातल पर सार्थक परिणाम देखने को मिल रहे हैं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सरकार की कैच द रेन योजना के तहत सेक्टर-23ए के जन्म दिवस पार्क में दो लाख लीटर क्षमता का रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। देश भर में चलाए जा रहे कैच द रेन अभियान के तहत वर्षा जल संरक्षण को एक जनआंदोलन बनाने की दिशा में नगर निगम गुरुग्राम और आरडब्ल्यूए सेक्टर-23ए की संयुक्त साझेदारी रंग ला रही है। दोनों संस्थाओं के परस्पर सहयोग से शुरू की गई कैच एवरी ड्रॉप पहल के धरातल पर सार्थक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इस मुहिम के अंतर्गत सेक्टर-23ए स्थित जन्म दिवस पार्क में एक-एक लाख लीटर क्षमता वाले दो आधुनिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जो बारिश की हर एक बूंद को सहेजकर भूजल को रिचार्ज कर रहे हैं।

**स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई करवाकर सिस्टम से जोड़ा**




### जल-सुरक्षित के लिए सामुदायिक भागीदारी जरूरी

इस सफल मॉडल की सराहना करते हुए नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि वर्षा जल संरक्षण भविष्य की जल सुरक्षा के लिए सबसे अनिवार्य आवश्यकता है। जनम दिवस पार्क में विकसित यह प्रणाली नगर निगम और आम नागरिकों के आपसी समन्वय का बेहतरीन उदाहरण है। इससे भूजल स्तर में सुधार के साथ जलभराव का स्थायी समाधान हो रहा है। निगमायुक्त ने अन्य आरडब्ल्यूए और सामाजिक संस्थाओं से भी अपील की है कि वे जल-सुरक्षित व पर्यावरण-अनुकूल गुरुग्राम के निर्माण में आगे आएं।

### निगम अफसरों की भूमिका

निगम अधिकारियों के अनुसार, पहला आरडब्ल्यूएच सिस्टम पार्क के अंदरूनी हिस्से के साथ-साथ 18 मीटर चौड़ी जन्म दिवस पार्क रोड से बहकर आने वाले बरसाती पानी को संग्रहित कर रहा है। इसके लिए सड़क के किनारे बनी स्टॉर्म वाटर ड्रेन की विशेष सफाई करवाकर उसे पार्क के भीतर बने सिस्टम से जोड़ा गया है। इससे सड़क पर होने वाले जलभराव से मुक्ति मिली है और पानी सीधे जमीन में समा रहा है। वहीं, दूसरा सिस्टम पार्क और उससे सटे ओम विहार आवासीय क्षेत्र की सड़कों का पानी संग्रहित कर भूजल स्तर को सुधारने में मदद कर रहा है। इस परियोजना के निर्माण में नगर निगम के उद्यान विंग की अहम भूमिका रही है।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 95.65 लाख की साइबर ठगी

# साइबर थाना एनआईटी ने अलग-अलग तीन साइबर ठगी के मामलों में 4 को किया गिरफ्तार

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में साइबर थाना एनआईटी की टीमों ने तीन अलग-अलग साइबर ठगी के मामलों में कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर अपराधियों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में साइबर थाना एनआईटी की टीमों ने तीन अलग-अलग साइबर ठगी के मामलों में कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। चार्मवुड विलेज फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति को शेयर मार्केट में भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर 95.65 लाख की साइबर ठगी का शिकार बनाया गया। जांच के दौरान साइबर थाना एनआईटी की टीम ने जसवंत निवासी सुभाष नगर, कैथल हाल बालाजी कॉलोनी कैथल तथा ललित निवासी सुभाष नगर कैथल को गिरफ्तार किया। जिनकी पूछताछ में सामने आया कि दोनों एक-दूसरे के जानकार हैं। ललित ने जसवंत का बैंक खाता खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था।



### मोटा लाभ कमाने का झांसा देकर 11.42 लाख की ठगी

वहीं दूसरे मामले में सतपाल निवासी एनआईटी फरीदाबाद को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर प्रतिदिन निवेश से होने वाले लाभ के फर्जी स्क्रीनशॉट और संदेश भेजे गए। लालच में आकर शिकायतकर्ता ने ठगों द्वारा भेजे गए लिंक के माध्यम से निवेश खाता खोलकर11.42 लाख निवेश कर दिए, लेकिन बाद में उसकी राशि वापस नहीं मिली। साइबर थाना एनआइटी की टीम ने आयुष निवासी नारनौल को गिरफ्तार किया। जिसकी पूछताछ में सामने आया कि उसने हेमंत सोनी का बैंक खाता खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था तथा उस खाते में अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत कराया था।

### शेयर मार्केट निवेश के नाम पर 6.61 लाख की ठगी

इसी तरह तीसरे मामले में शिकायतकर्ता से शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर 6.61 लाख की ठगी की गई। साइबर थाना की टीम ने पियूष निवासी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। जिसने बताया कि उसने अपनी फर्म के नाम से बैंक खाता खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। उसके खाता में घटनाक्रम से संबंधित 2.10 लाख आए थे। जिसको माननीय अदालत में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### केजीपी एक्सप्रेसवे पर कैन्टर चालक से की गई लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने थाना छायंसा क्षेत्र के अंतर्गत केजीपी एक्सप्रेस.वे पर कैन्टर चालक के साथ मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान जान मोहम्मद, मोहम्मद बिलाल, मनव्वर निवासी गांव देहरा जिला हापुड़ उत्तर प्रदेश तथा मोहम्मद तालिब निवासी गांव नाहल जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। जिनको अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता जान मोहम्मद उर्फ जानू निवासी गांव डेकली, जिला नूंह ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह गुरुग्राम की एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में कैन्टर चालक है।

## 16 पैसेंजर ट्रेनें पूरी तरह रद्द की गई

# गाजियाबाद में मालगाड़ी डिरेल,53 ट्रेनें प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



गाजियाबाद में मंगलवार को एक मालगाड़ी पटरी से उतर गयी। इससे रेलवे में हड़कंप मच गया। हादसे में मालगाड़ी के 6 कोच डिरेल हो गए। हादसे के कारण इस मार्ग की 53 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

गाजियाबाद-नई दिल्ली रेलखंड पर एक बड़ा रेल हादसा हो गया। एक मालगाड़ी के 6 लदे हुए डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे इस व्यस्त रेल मार्ग पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया।।राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

घटना की जानकारी मिलते ही डीआरएम, एडीआरएम और रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए. रेलवे की टीमें ट्रैक को जल्द से जल्द दुरुस्त करने और यातायात सामान्य करने में जुटी हैं। हादसे का असर रेल संचालन पर भी पड़ा है। रेलवे के अनुसार, कुल 53 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इनमें 24 ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है और उन्हें दिल्ली-नई दिल्ली के वैकल्पिक मार्ग से चलाया जा रहा है।

### 5 पैसेंजर ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया

इसके अलावा 16 पैसेंजर ट्रेनें पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं, जबकि 5 पैसेंजर ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया गया है। वहीं 8 ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर नियंत्रित (रेगुलेट) किया गया है। इनमें आनंद विहार आने वाली कुछ ट्रेनें भी शामिल हैं. रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा पर निकलने से पहले अपनी ट्रेन का ताजा स्टेटस जरूर जांच लें। फिलहाल ट्रैक बहाली का काम तेजी से जारी है। वहीं सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन को साहिबाबाद-दिल्ली सराय रोहिल्ला मार्ग से डायवर्ट कर चलाया गया, ताकि यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने में सुविधा हो सके। रेलवे प्रशासन का कहना है कि प्रभावित रेलखंड पर बहाली का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

## चौ. छोटूराम सेवा समिति की बैठक

# पदाधिकारियों ने की विकास कार्यों को लेकर आपस में चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

चौधरी छोटूराम सेवा समिति खेड़ी कलां की मीटिंग महासचिव पवन कुमार द्वारा प्रधान सत्यपाल नरवत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें एजेंडा पर विचार रखते हुए प्रधान सत्यपाल नरवत ने बताया कि समिति में नए सदस्य बनाए गए हैं और आगे भी सदस्यता जारी रहेगी। एजेंडे के अनुसार दोनों प्राइमरी स्कूल लडक़ों का व लड़कियों का जिसकी बिल्डिंग नई बननी है। श्मशान घाट का रास्ता जिसमें पानी भरा रहता है वह भी बनना है और बस स्टैंड पर स्थित चौधरी छोटूराम सामुदायिक केंद्र की मरम्मत का कार्य होना है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेड़ी कलां को अपग्रेड कराकर 200 बेड का कराना है और स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य होना है। इन सभी कार्यों के लिए हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर, केंद्र सरकार में मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से मिलकर अनुरोध किया जाएगा कि इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराए।

## मामला न्यायालय में विचाराधीन

# जमीनी विवाद में मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने 3 लोगों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



थाना भूपानी की पुलिस टीम ने जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में मारपीट एवं फायरिंग करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अजयपाल,अभयपाल एवं अमित निवासी गांव तिलोरी खादर फरीदाबाद के रूप में हुई है। जिनको न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों के ताऊ श्रीचंद का कोई पुत्र नहीं है। उन्होंने अपने नाती प्रिंस शिकायतकर्ता को गोद लिया हुआ है। लेकिन आरोपित शिकायतकर्ता प्रिंस को जमीन देने के पक्ष में नहीं थे। इसी विषय पर बातचीत करने के लिए आरोपीगण शिकायतकर्ता के घर पहुंचे थे, जहां विवाद बढ़ गया। कहासुनी के बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता एवं उसके परिवार के साथ मारपीट की तथा आरोपी अभयपाल ने अवैध पिस्टल से शिकायतकर्ता पर फायर कर दिया था।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार गांव तिलोरी खादर निवासी प्रिंस ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके परिवार में श्रीचंद, रूपचंद एवं हरिचंद के बच्चों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उसके नाना श्रीचंद ने उसको गोद लिया हुआ है। 15 जुलाई 2026 को उसके पिता (नाना) खेत की जुताई के लिए गए थे, जहां आरोपियों ने उन्हें खेत जोतने से रोक दिया। अगले दिन 16 जुलाई 2026 को शाम करीब 5 बजे आरोपी अजयपाल, अमित, सुमित तथा अन्य लोग उनके घर पहुंचे। जमीन के बंटवारे को लेकर कहासुनी के दौरान आरोपियों ने उसके पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की। इसी दौरान घर के बाहर खड़े अभयपाल ने जान से मारने की नीयत से शिकायतकर्ता पर गोली चला दी। जिसकी शिकायत पर थाना भूपानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ की गई थी।

## 265 पव्वे अवैध देसी शराब बरामद

# शराब तस्करी के आरोपी को पुलिस ने किया काबू

**आरोपित से पूछताछ में सामने आया कि वह एलएलबी तक की पढ़ाई की है**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर कार्रवाई के चलते एवीटीएस भूपानी की टीम ने गांव नचौली निवासी नरवीर उर्फ नवीन को अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 265 पव्वे देसी शराब बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 जुलाई 2026 की रात एवीटीएस भूपानी की टीम क्षेत्र में गश्त एवं धरपकड़ के लिए मौजूद थी। इसी दौरान टीम को विश्वसनीय सूचना मिली कि गांव नचौली में एक व्यक्ति बिना किसी वैध लाइसेंस अथवा परमिट के अवैध रूप से अपने खेत में देसी शराब बेच रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर रेड कर नियमानुसार कार्रवाई की। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर नरवीर उर्फ नवीन को काबू किया। तलाशी के दौरान 2 प्लास्टिक कट्टा से 265 पव्वे देसी शराब बरामद हुए। शराब के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका। इस संबंध में मुख्य सिपाही जोगिंदर की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

## प्रारंभिक जांच में मामला परिवारिक विवाद बताया गया

# शराबी बेटों ने जन्मदिन पर मां-बाप को बेरहमी से मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

**दोनों बेटों ने पहले माता-पिता के साथ मारपीट की। बाद में किसी वजनी वस्तु से दोनों का सिर कुचल दिया**



दिल्ली से सटे गाजियाबाद में सोमवार की रात में कलयुगी बेटों ने जन्मदिन के अवसर पर पारिवारिक विवाद में सनसनीखेज तरीके से अपने मां-बाप की हत्या कर दी। जिससे इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने हत्यारोपी दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला परिवारिक विवाद का लग रहा है। आगे की जांच की जा रही है। यह हत्यकाण्ड क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के भीमनगर में हुआ।

डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि गंगाशरण, उनकी पत्नी विमलेश अपने दोनों लड़के दीपक व ललित के साथ थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के भीम नगर में रहते थे। वह मूल रूप से बुलंदशहर जिले के सठला गांव के निवासी थे। उनके दोनों बेटे शराब पीने के आदि थे। गंगाशरण के बेटे दीपक का कल जन्मदिन था। रात में दोनों भाई घर पहुंचे। और आपस मे झगड़ा करने लगे। माता पिता ने उन्हें उन्हें टोका तो दोनों ने मां-बाप के साथ पहले मारपीट की। बाद में वजनी वस्तु से सिर कुचल दिया। उनके घायल होने की सूचना पुलिस को मिली।

### दोनों बेटे बेरोजगार थे

सूचना पुलिस ने दंपति को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों भाई दीपक और ललित को हिरासत में लेकर जांच में शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इन सभी के बीच अक्सर लड़ाई झगड़े होते रहते थे। गंगाशरण अखबार की न्यूज एजेंसी चलाते थे और उनके दोनों बेटे बेरोजगार थे। उनके दोनों बेटों की शादी हो गई थी और बच्चे भी है। मगर, उनके बेरोजगार होने के कारण वह भी उनके साथ नहीं रहते हैं। पिता बच्चों को नौकरी करने के लिए कहते थे।। इसी कारण अक्सर विवाद होता था।

### कांवड़ यात्रियों की 1275 कैमरों से होगी निगरानी

**–गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा के दौरान इस बार कांवड़िये एक्सप्रेसवे से नहीं जा सकेंगे। शासन स्तर पर हुई समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया है। कांवड़ियों के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मंडलायुक्तों, पुलिस रेंज के आईजी-डीआईजी, जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### पौधरोपण के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



फरीदाबाद। स्थानीय लोगों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए वृक्षारोपण किया गया। हैबिटेट 78 सोसाइटी के सामने सोसाइटी के पूर्व प्रधान भानु प्रकाश जोशी एवं प्रमोद पाठक के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने वृक्षारोपण में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने प्रतिवर्ष पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हैबिटेट सोसाइटी के निवासी प्रमोद पाठक, श्वेतांक, मिलिंद पाटिल , अखिलेन्द्र प्रताप सिंह एवं हीरा ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। सभी प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। पूर्व प्रधान भानु प्रकाश जोशी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रमोद पाठक ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आए और अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयासों से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और हरित वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

## चिंतन

# अधिक संवेदनशील बने सरकार और विपक्ष

देश में पेपर लीक की घटनाओं को लेकर छात्र कई दिनों से जंतर-मंतर पर आंदोलनरत हैं। वहीं, किसानों ने भी अमेरिका से प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौता (इंडिया-यूएस ट्रेड डील) को लेकर दिल्ली के किसान घाट पर महापंचायत का ऐलान किया है। इन आंदोलनों पर सरकार और विपक्ष को और अधिक संवेदनशील होना होगा। हालांकि सरकार द्वारा पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे 'घोर पाप' और 'राष्ट्रीय चिंता' का विषय बताया है। एनडीए संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। हालांकि केवल कार्रवाई की घोषणा भर पर्याप्त नहीं है। छात्रों का विश्वास तभी लौटेगा, जब भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध होगी। बार-बार पेपर लीक होने से लाखों युवाओं की मेहनत, समय और मानसिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्षों तक तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा रद्द होने, दोबारा परीक्षा कराने और भर्ती प्रक्रियाओं में देरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए सरकार को तकनीकी सुरक्षा बढ़ाने, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करने और दोषियों को शीघ्र एवं कठोर दंड दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने होंगे। इससे युवाओं में व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत होगा। वहीं, लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उसकी जिम्मेदारी केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि जनता की वास्तविक समस्याओं को रचनात्मक ढंग से उठाना भी है। छात्रों और किसानों जैसे संवेदनशील वर्गों के मुद्दों पर विपक्ष को तथ्यों के आधार पर सरकार से जवाब मांगना चाहिए और समाधान के लिए सकारात्मक सुझाव भी देने चाहिए। किसानों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौते को लेकर किसानों के मन में यह आशंका है कि इससे उनकी आय, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कृषि बाजार और घरेलू उत्पादन प्रभावित हो सकते हैं। यदि किसानों के मन में किसी प्रकार की शंका है, तो सरकार का दायित्व है कि वह उनसे सीधे संवाद करे, समझौते के प्रावधानों की स्पष्ट जानकारी दे और यह भरोसा दिलाए कि किसी भी निर्णय में किसानों के हितों की अनदेखी नहीं होगी। दूसरी ओर, किसानों को भी अपनी मांगों को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से रखने के साथ-साथ वार्ता को प्राथमिकता देनी चाहिए। आंदोलन लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन स्थायी समाधान बातचीत, आपसी विश्वास और सहमति से ही निकलते हैं। सरकार और किसान संगठनों के बीच नियमित संवाद की व्यवस्था बने, ताकि किसी भी विवाद को समय रहते सुलझाया जा सके और टकराव की स्थिति पैदा न हो। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति और उम्मीद हैं, वहीं किसान देश के अन्नदाता। यदि इन दोनों वर्गों में असंतोष बढ़ता है, तो उसका असर केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थिरता और विकास पर भी पड़ता है। इसलिए सरकार और विपक्ष दोनों को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर इन वर्गों की भावनाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। जब सरकार, विपक्ष, छात्र और किसान सभी संवाद तथा सहयोग का मार्ग अपनाएंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश का विकास अधिक संतुलित एवं समावेशी बन सकेगा।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# बलूचिस्तान में स्वघोषित आजादी

बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिलने की उम्मीद करने लगे हैं। पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। बलूच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है।

रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान के नाम से सोशल मीडिया पर एक स्वघोषित बयान और पत्र वायरल हुए हैं, जिसमें बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिल जाने की उम्मीद करने लगे हैं। हालांकि इस हत्याकांड के बाद पाक सेना ने बलूचिस्तान में फ्रंटियर कोर, पुलिस व आतंकवाद निरोधक बल के साथ ऑपरेशन शाबान शुरू कर दिया है।

पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। पाक सेना ने लड़को के पास से स्टारलिंग उपकरण जब्त किए हैं। पाक सेना का यह भी आरोप है कि अफगानिस्तान बीएलए को विद्रोही बलूचों ने करीब 85 प्रतिशत बलूचिस्तान की भूमि पर काबिज होने का दावा किया है। बलूच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है। यह पाकिस्तान का वह प्रमुख क्षेत्र है, जहां से चीन-पाक आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इसकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यही वह क्षेत्र है, जहां अत्यंत दुर्लभ खनिज एवं प्राकृतिक गैसें उपलब्ध हैं। यही पाकिस्तान की अर्थव्यस्था की रीढ़ है। बलूचिस्तान प्रांत में लंबे समय से स्वतंत्रता की जो लड़ाई चल रही है, वह अब सफलता के शिखर पर है। बलूचिस्तान को नए देश के रूप में मान्यता मिल जाती है तो 1971 के बाद पाकिस्तान की भूमि पर दूसरा बड़ा विभाजन दिखाई देगा। 1971 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी सेना को सैनिक मदद देकर पाक के दो टुकड़े कर दिए थे। अब बलूच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए दिल्ली में बलूचिस्तान का दूतावास खोलने की मांग कर रहे हैं। प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता मीर यार बलूच वहां के लोगों के अधिकारों की वकालत के लिए जाने जाते हैं। बलूचों ने संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान में शांति रक्षक बल भेजने और पाक सेना को बलूच सीमा क्षेत्र से बाहर कर देने का आग्रह भी किया है। बलूचों की स्वतंत्रता की संभावना का अहसास पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने भी जताया है। उनका कहना है कि बलूचिस्तान पर अब सेना और सरकार का नियंत्रण ढीला पड़ रहा है। यहां के हालात इतने खराब हैं कि सरकारी मंत्री तक बाहरी सुरक्षा के बिना बाहर नहीं निकल सकते हैं। सेना के जवान अपने ही देश में बंकरों में छिपे हैं। बलूचिस्तान में विद्रोह की आग चरम पर है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी आजादी की मांग करने वाला सबसे पुराना सशस्त्र अलगाववादी संगठन है। यह संगठन पहली बार 1970 में अस्तित्व में आया था। इसने जुल्फिकार अली भुट्टो के कार्यकाल में बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र विद्रोह का शंखनाद कर किया था। कालांतर में सैनिक तानाशाह जिया उल हक द्वारा सत्ता हथियाने के



बाद बलूच नेताओं के साथ बातचीत हुई, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम की स्थिति बन गई थी। नतीजतन बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह खत्म हो गया था और बीएलए का भी कोई वजूद नहीं रह गया था। किंतु कारगिल युद्ध के बाद सैन्य तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली। इसके बाद मुशर्रफ के संकेत पर साल 2000 में बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नवाबमिरी की हत्या कर दी गई और मुशर्रफ ने कुटिल चतुराई बरतते हुए पाक सेना से इस मामले में आरोपी के रूप में बलूच नेता खेरबक्ष मिरी को गिरफ्तार करा दिया। इसके बाद फिनिक्स पक्षी की तरह बीएलए फिर उठ खड़ा हुआ। जगह-जगह हमले शुरू हो गए।

साल 2020 में एकाएक बीएलए की ताकत बढ़ गई और बलूचिस्तान के सरकारी प्रतिष्ठानों तथा सुरक्षाबलों पर हमलों की संख्या बढ़ती चली गई। बीएलए बलूचिस्तान में चीन के प्रभाव को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि चीन बलूचिस्तान की प्राकृतिक संपदा को हड़पने का काम कर रहा है। इसी नजरिए से ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने के साथ एक बड़ा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भी बना रहा है। दरअसल, भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय बलूचिस्तान को बलूचों की इच्छा के बिना बंदूक के जोर पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था। जबकि वे स्वयं को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखना चाहते थे। अतएव पाक की स्वतंत्रता के समय से ही बलूचों का संघर्ष पाक सरकार और सेना से निरंतर बना हुआ है। बीएलए जब साल 2000 में वजूद में आया था, तब इसके लड़ाकों की संख्या 6000 से भी ज्यादा थी। सरदार अकबर खान बुगती एक समय बलूचिस्तान के सर्वमान्य नेता रहे हैं। इसीलिए वे बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री भी रहे थे। 26 अगस्त 2006 को पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने उनकी हत्या कर दी थी। तभी से यह संगठन पाक सेना से लोहा ले रहा है। वर्तमान में बलूच अलगाववादी और तालिबान के बीच निरंतर निकटता बढ़ रही है। वैसे भी अफगानिस्तान में तालिबानी शासन के काबिज होने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं। पाक सरकार ने भी स्वीकार किया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ही बलूच लड़ाकों को प्रशिक्षित कर रहा है। बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी बीएलए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। इस सच्चाई को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी स्वीकारा है। पाक की कुल भूमि का 43.6 फीसदी हिस्सा केवल बलूचिस्तान का है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, पाक की कुल आबादी में इनकी छह प्रतिशत की भागीदारी है। इसका कुल क्षेत्रफल 3,47,190 वर्ग किमी है। यहां हिंदू, सिख और ईसाई भी रहते हैं। 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आ गए। इनमें सबसे प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। वाशिंगटन में कार्यरत संस्था गिलगित-बलूचिस्तान नेशनल कांग्रेस के सेंग सिरिंग ने मोदी द्वारा उठाए, इस सवाल का समर्थन किया है कि 'पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और बलूचिस्तान में लोगों पर होने वाले जुल्म एवं अत्याचार के बाबत पाक को दुनिया के समक्ष जवाब देना होगा ? पाक तो जवाब देने वाला नहीं है, लेकिन भारत की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह बलूचिस्तान की स्वतंत्रता में भागीदार बने ?

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## राष्ट्रीय ध्वज दिवस

मोहित सिंगला



# जब तिरंगे को मिली स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय पहचान

भारत का राष्ट्रीय ध्वज केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का जीवंत प्रतीक है। आज जिस तिरंगे के नीचे पूरा देश गर्व से एकजुट होता है, उसे स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में आधिकारिक मान्यता 22 जुलाई 1947 को मिली थी। इसी दिन संविधान सभा ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्वराज ध्वज को कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तनों के साथ स्वतंत्र भारत का राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार किया। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन था ध्वज के मध्य स्थित चरखे के स्थान पर अशोक चक्र को अपनाना, जिसने राष्ट्रध्वज को व्यापक, सार्वभौमिक और लोकतांत्रिक पहचान प्रदान की। यह निर्णय स्वतंत्रता प्राप्ति से मात्र तीन सप्ताह पहले लिया गया था, लेकिन इसका



महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यह केवल ध्वज का चयन नहीं था, बल्कि उस नए भारत की विचारधारा का चयन था, जो लोकतंत्र, समानता, न्याय और निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध था। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की यात्रा लंबे संघर्ष और अनेक राष्ट्रभक्तों के प्रयासों से होकर गुज़री है। वर्ष 1906 में कलकत्ता में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके बाद 1907 में सुश्री भीकाजी कामा ने जर्मनी के स्टुटगार्ट में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय ध्वज को प्रदर्शित कर विश्व का ध्यान भारत की स्वतंत्रता की आकांक्षा की ओर आकर्षित किया। वर्ष 1921 में आंध्र प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने महात्मा गांधी के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप प्रस्तुत किया। गांधीजी के सुझाव पर उसमें चरखे को स्थान दिया गया, जो स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतीक था। बाद में 1931 में कांग्रेस ने केसरिया, सफेद और हरे रंग वाले तिरंगे को अपने आधिकारिक ध्वज के रूप में स्वीकार किया। यही ध्वज स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे सशक्त प्रतीक बना और लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे हाथों में लेकर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। जब भारत की स्वतंत्रता निश्चित हो गई, तब यह आवश्यक समझा गया कि राष्ट्रीय ध्वज किसी राजनीतिक संगठन का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करे। इसी उद्देश्य से 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा में राष्ट्रीय ध्वज संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस प्रस्ताव को सभा के समक्ष रखते हुए कहा कि यह ध्वज स्वतंत्र भारत की आत्मा, उसकी एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक होगा। संविधान सभा ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। राष्ट्रीय ध्वज को अंतिम रूप देते समय चरखे के स्थान पर सारनाथ स्थित सम्राट अशोक के सिंह स्तंभ से प्रेरित अशोक चक्र को अपनाया गया। गहरे नीले रंग के इस चक्र की 24 तीलियां धर्म, न्याय, नैतिकता, सतत कर्म और निरंतर प्रगति का संदेश देती हैं। यह चक्र इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र को कभी ठहरना नहीं चाहिए, बल्कि निरंतर विकास और गतिशीलता की ओर अग्रसर रहना चाहिए। तिरंगे के प्रत्येक रंग का अपना विशिष्ट संदेश है। केसरिया रंग साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक है।

सफेद रंग सत्य, शांति और पारदर्शिता का संदेश देता है, जबकि हरा रंग समृद्धि, कृषि, पर्यावरण और विकास का प्रतीक माना जाता है। इन तीनों रंगों के मध्य स्थित अशोक चक्र राष्ट्र के जीवन में संतुलन, न्याय और निरंतर गति का संदेश देता है। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब यही तिरंगा पहली बार स्वतंत्र राष्ट्र के ध्वज के रूप में फहराया गया। तभी से लेकर आज तक यह ध्वज देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का सर्वोच्च प्रतीक बना हुआ है। सीमाओं पर डटे सैनिकों का साहस, खिलाड़ियों की उपलब्धियां, वैज्ञानिकों की सफलताएं और प्रत्येक भारतीय की देशभक्ति इसी तिरंगे से प्रेरणा प्राप्त करती है। 22 जुलाई 1947 भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम दिवस है, जिसने भारत को केवल एक राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि उसकी लोकतांत्रिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की दिशा का प्रतीक भी प्रदान किया। तिरंगा आज भी प्रत्येक भारतीय को यह संदेश देता है कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, समर्पण और निरंतर प्रगति का संकल्प भी है। जब-जब तिरंगा आकाश में लहराता है, वह हमें उन लाखों अमर बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में गर्व से खड़ा है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
**दर्शन**

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

## गुरु अच्छे कार्य करने से शिष्य को कभी न रोके



संकलित
**प्रेरणा**

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**पेट की भूख मिटाने कोई गोली इजाद नहीं?**

आधुनिक विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इसके बावजूद सवाल यह है कि भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया?

– रविंद्र चौहान, भाटापारा

## ट्रेंड

**मेरी संवेदनाएं**




सिक्किम के नामची ज़िले में बन रही सुरंग के पास भूस्खलन से हुई कीमती जानों के नुकसान से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।
- **राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

**भर्ती परीक्षा**



झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ कब तक खिलवाड़ होता रहेगा? हेमंत सरकार के कार्यकाल में शायद ही कोई ऐसी भर्ती परीक्षा हुई हो जो बिना किसी विवाद के पूरी हुई हो। हर बार युवाओं की मेहनत, उम्मीदों और भविष्य के साथ अन्याय होता है।
- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

**संवेदनहीनता**



केंद्र सरकार एक महीने तक असंवेदनशील बनी रही और कोई बातचीत नहीं की। जब युवाओं ने सरकार तक अपनी बात पहुँचाने के लिए संसद तक मार्च करने का फैसला किया, तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े।
- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

**सार्थक बातचीत**



मुझे उम्मीद है कि हमारी सरकार सोनम वांगचुक और छात्र संगठनों के साथ सार्थक बातचीत शुरू करेगी ताकि उनकी सेहत और न बिगड़े! सोनम, कृपया अपना अनशन खत्म करें। आपकी सेहत भी उतनी ही ज़रूरी है जितनी कि यह लड़ाई।
- **प्रीति ज़िंटा,** फिल्म अभिनेत्री

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# शुल्क नीति बहुत सफल रही और उपाय आएंगे सामने: ग्रीर



अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि देश की शुल्क (टैरिफ) नीति 'बेहद सफल' रही है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन उन शुल्क उपायों की जगह नए उपाय लाने की योजना बना रहा है जिन्हें अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था। ग्रीर ने 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' को दिए साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप प्रशासन ने पिछले एक साल में अमेरिका की 70 साल पुरानी व्यापार नीति को बदल दिया है और इन नए उपायों से व्यापार घाटा कम हुआ है और कारोबारों को दोबारा अमेरिका लाने में मदद मिली है। यह पूछे जाने पर कि क्या शुल्क प्रणाली से अच्छे नतीजे मिल रहे हैं, इस पर ग्रीर ने कहा, 'हां, बिल्कुल। मेरा मानना है कि हम बेहद सफल रहे हैं।' ग्रीर ने कहा कि प्रशासन ने इस संबंध में तेजी से कदम उठाए। प्रशासन ने अमेरिका के बढ़ते व्यापार घाटे को एक ऐसी आर्थिक आपात स्थिति माना जिसके लिए कड़े फैसले लेने की जरूरत थी। उन्होंने कहा, 'आखिरकार, हम व्यापार नीति बदलने में कामयाब हो रहे हैं। हम व्यापार घाटा कम करने में सफल हो रहे हैं। हम कारोबार को दोबारा अमेरिका वापस लाने में कामयाब हो रहे हैं। हम वेतन के मोर्चे पर भी बढ़त बना रहे हैं। हम इन सभी मोर्चों पर जीत रहे हैं।

## ऑफ बीट

# नींद में खलल से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव



पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है। पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है। यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू-कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी-कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर-निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है। कई प्रजातियों में, जो पक्षी अधिक बार और अधिक जटिलता से गाते हैं, वे बेहतर साथी आकर्षित कर सकते हैं।


## मानसून सत्र के दूसरे दिन भी सदन में नहीं हुआ कोई कामकाज

# नीट पेपरलीक, राम मंदिर चंदा चोरी पर जारी विपक्ष का हंगामा, लोकसभा की कार्रवाई ठप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मानसून सत्र के दूसरे दिन यानी मंगलवार को भी नीट-यूजी पेपरलीक और राम मंदिर चंदा चोरी जैसे मुद्दों पर संसद में विपक्ष का हंगामा जोरदार अंदाज में जारी रहा। लोकसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल दोनों बाधित हुए और कार्रवाई को दो बार के स्थगन के बाद दोपहर 2 बजकर 4 मिनट पर दिनभर के लिए (बुधवार 11 बजे तक) स्थगित कर दिया गया। सुबह 11 बजे कार्रवाई की शुरुआत के साथ ही कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के अन्य दलों के सांसदों ने पोस्टर, बैनर लेकर सदन के भीतर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के आसन के समीप आकर आक्रामकता के साथ शोर-शराबा और नारेबाजी करना शुरू कर दिया। जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन की कार्रवाई में यूं रोजाना व्यवधान डालना उचित नहीं है। हंगामा कर रहे सभी सांसद अपनी-अपनी सीटों पर जाकर बैठिए। जिससे जरूरी कामकाज का सिलसिला आगे बढ़ाया जा सके। इसके बाद भी सदन में हालात नहीं बदले और हंगामा कर रहे सांसदों ने शोर-शराबे के साथ नारेबाजी करना जारी रखा। जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई को 11 बजे के बाद कुछ मिनटों में 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### विरोध में लहराया काले रंग का कपड़ा



सदन में हुए प्रदर्शन के दौरान विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों ने सरकार विरोधी नारे लिखे हुए पोस्टर, बैनर दिखाए। जबकि कुछ दलों ने काले रंग के कपड़े का टुकड़ा विरोध स्वरूप लहराया। एक बार के स्थगन के बाद 12 बजे दोबारा शुरू हुई सदन की कार्रवाई के साथ विपक्ष के हंगामे पर नाराजगी जताते हुए पीठासीन सभापति संध्या राय ने कहा कि आप सभी लोग अपनी-अपनी सीटों पर जाकर बैठिए, महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होनी है। कई सदस्यों को आज शून्यकाल में बोलना है। जबकि कुछ को नियम-377 के तहत जरूरी मामलों को उठाने का अवसर मिलेगा। ऐसे में अब विपक्ष यह तय करे कि क्या उनका यह व्यवहार उचित है? पूरा देश बड़ी उम्मीदों के साथ लोकसभा की कार्रवाई को देख रहा है। पीठासीन सभापति की इस टिप्पणी का भी हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों पर कोई खास असर नहीं हुआ और उन्होंने शोर-शराबा करना जारी रखा। जिसे देखते हुए राय ने 12 बजकर 9 मिनट पर कार्रवाई को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। 2 बजे भी सदन के हालात में कोई तब्दीली नहीं आई, उक्त मुद्दों पर विरोधी दलों के सांसदों का हंगामा और शोर-शराबा जारी रहा। जिसके बाद पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने कार्रवाई को 2 बजकर 4 मिनट पर बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### मेकेदातू बांध परियोजना से परेशान द्रमुक

लोकसभा में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) का विरोध और नारेबाजी पूरी तरह से मेकेदातू बांध निर्माण परियोजना पर केंद्रित रही। कर्नाटक सरकार इस बांध का निर्माण कावेरी नदी पर करना चाहती है। जिससे बेंगलुरु के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही 400 मेगावाट जलविद्युत उत्पन्न होगी। लेकिन निर्माण कार्य के साथ ही कावेरी नदी बेसिन का जल बंटवारा होगा। जिसे लेकर तमिलनाडु को खासी आपत्ति है। उसे लगता है कि बांध निर्माण के बाद उसके हित सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। जबकि कर्नाटक को फायदा होगा। द्रमुक सांसदों ने सदन के अंदर हरे रंग का स्ट्राल पहनकर हाथों में विरोध वाले पोस्टर लेकर इस परियोजना पर अपना विरोध जताया।

### विरोध में लगाए यह नारे

लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ जो नारे लगाए हैं। उनमें 'शर्म करो-शर्म करो, अवर एजुकेशन फ्यूचर इज नॉट फॉर सेल, अवर फ्यूचर इज नॉट फॉर सेल और अकाउंटेबिलिटी नॉट ब्रुटेलिटी' मुख्य रूप से शामिल रहे हैं।

---

## प्रधानमंत्री निवास पर राहुल गांधी के धरने के बाद भाजपा अध्यक्ष ने संसद में चर्चा की चुनौती दी

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जो कृत्य किया, वो पूरी तरह से अशोभनीयः नवीन

कहा, राहुल गांधी ने पद की गरिमा और मर्यादा कम करने का काम किया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री निवास के सामने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में धरने पर अपना एक वीडियो बयान देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा आज जिस प्रकार से नेता प्रतिपक्ष ने कृत्य किया है वो पूरी तरह से अशोभनीय है निंदनीय है। नेता प्रतिपक्ष जिस गरिमा का पद है उस पद को भी राहुल गांधी गंभीरता से नहीं लेते हैं ये उनके व्यवहार में दिखा। मेरा मानना है कि लोकतंत्र में विरोध और अराजकता दोनों अलग-अलग शब्द है। विरोध जब मर्यादा की हदों को पार कर जाती है वो अराजकता बन जाती है। राहुल गांधी अराजकता के प्रतीक बन कर रह गए हैं। संसदीय जीवन में हमारे कुछ ऐसे पद होते हैं जो पार्टी विशेष के नहीं होते। प्रधानमंत्री केवल एक पार्टी के नेता नहीं है 140 करोड़ देशवासियों के चुने हुए जन प्रतिनिधि हैं। जिनको पूरे देश की जनता आस्था और विश्वास का केंद्र मानती है।

### अराजकतावादी राजनीति के परिचायक

नवीन ने कहा कि आज उनके आवास पर जिस प्रकार का अराजकता फैलाने का प्रयास राहुल गांधी ने किया है। ये स्पष्ट संदेश देता है कि ये विरोध की राजनीति नहीं अराजकता वादी राजनीति के परिचायक बनते जा रहे हैं। छात्र जिन मुद्दों को लेकर जो विषय रखना चाहते हैं सरकार उस पर चर्चा करना चाहती है। राहुल गांधी ने जो शर्त रखी, उस शर्त को भी माना गया, लेकिन दुर्भाग्य देखिए जब वह शर्त आगे बढती है तो उससे मुकर जाते हैं। इससे उनकी अपरिपक्वता झलकती है। मैं कहूंगा कांग्रेस और विपक्ष के साथियों से हम संसद के पटल पर हर प्रकार के संवाद के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन आपकी जो मर्यादाएं तोड़ने की परंपरा बनती जा रही है और जो अराजकतावादी सोच आपके अंदर विकसित हो रही है। निश्चित रूप से देश इससे दुखी है, और देश अपने प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। देश का युवा आज का जेन जी देश के विकास के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री के निवास के बाहर जो खेल खेला गया है, निश्चित रूप से दुर्भाग्य पूर्ण है। मैं संपूर्ण विपक्ष से कहता हूं आइए संसद के पटल पर हर प्रकार की चर्चा कीजिए, पर संसद की मर्यादा और गरिमामय पदों के साथ इस प्रकार का अशोभनीय व्यवहार नहीं कीजिए।

---

# संसद में आज गतिरोध टूटने के आसार, आंदोलन पर सरकार बहस को तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में पिछले दो दिनों से जारी गतिरोध आज, बुधवार को समाप्त हो सकता है। केंद्र सरकार छात्रों के आंदोलन, परीक्षा प्रणाली और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर संसद में चर्चा कराने के लिए तैयार हो गई है। सरकार का प्रयास है कि लगातार बाधित हो रही लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सुचारु रूप से चल सके और महत्वपूर्ण विधायी कार्य भी आगे बढ़ाए जा सकें। लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी, सपा संसदीय दल के नेता और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को मंगलवार को हिरासत में लिए जाने का मामला भी गूंजेगा।

सूत्रों के मुताबिक, सरकार विपक्ष की ओर से उठाए गए छात्रों के आंदोलन और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने को लेकर सकारात्मक रुख अपना रही है। हालांकि सरकार चाहती है कि चर्चा संसदीय नियमों के तहत हो और इसके साथ ही सदन की कार्यवाही भी बिना व्यवधान के चले। पिछले दो दिनों से कांग्रेस समेत विपक्षी दल नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं, छात्रों के आंदोलन और पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर संसद में तत्काल चर्चा तथा सरकार के जवाब की मांग कर रहे हैं। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार स्थगित करनी पड़ी थी और दोनों सदनों में प्रश्नकाल तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुए थे।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी विपक्ष से सदन चलाने में सहयोग की अपील की है। सरकार का कहना है कि वह महत्वपूर्ण जनहित के विषयों पर चर्चा से पीछे नहीं हट रही, लेकिन इसके लिए सदन की कार्यवाही नियमों के अनुसार चलनी चाहिए।

उधर, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संकेत दिए हैं कि यदि छात्रों के मुद्दे पर सार्थक चर्चा कराई जाती है और सरकार अपना पक्ष रखती है, तो वे सदन में इस विषय पर विस्तार से अपनी बात रखेंगे। विपक्ष का कहना है कि शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर संसद में गंभीर चर्चा होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की आवश्यकता है।

संसदीय सूत्रों का मानना है कि सरकार और विपक्ष के बीच चल रहे अनौपचारिक संवाद के बाद बुधवार को दोनों सदनों में गतिरोध समाप्त होने की संभावना बढ़ गई है। यदि सहमति बनती है तो छात्रों के आंदोलन, परीक्षा प्रणाली में सुधार और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हो सकती है।

बुधवार की कार्यवाही पर सभी की नजरें रहेंगी, क्योंकि संसद के एजेंडे में कई महत्वपूर्ण सरकारी विधेयक और अन्य आवश्यक कार्य भी सूचीबद्ध हैं। ऐसे में सरकार और विपक्ष दोनों पर संसद की उत्पादकता सुनिश्चित करने का दबाव रहेगा।

---

# पीएम मोदी ने खास योजना को बताया ग्रामीण उद्यमिता की ताकत, महिलाएं हो रही हैं सशक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश का सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र जमीनी स्तर पर उद्यमिता को नई गति दे रहा है और विशेष रूप से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पीएम ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान द्वारा लिखे गए एक लेख को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना देशभर में छोटे खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रही है। पीएम मोदी ने कहा कि यह योजना उद्यमियों को किफायती वित्तीय सहायता, आधुनिक तकनीक, ब्रांडिंग और बाजार से जुड़ने की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादक अब केवल उत्पादक ही नहीं, बल्कि रोजगार सृजक भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में अहम योगदान दे रही है। पीएम ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि योजना के माध्यम से महिलाओं की उद्यमिता को नई पहचान मिल रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार तथा रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने अपने लेख में बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत अब तक दो लाख से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने इसे देश के सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। पासवान ने कहा कि यह योजना ग्रामीण उद्यमों को सशक्त बनाने, महिलाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देने, बड़े पैमाने पर आजीविका के अवसर सृजित करने और आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आने वाले समय में यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

---

## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी पटरी से उतरी 85 ट्रेनें प्रभावित हुईं

**नई दिल्ली।** दिल्ली डिवीजन के गाजियाबाद-नई दिल्ली रेल मार्ग पर मंगलवार 21 जुलाई 2026 को एक मालगाड़ी के 6 भरे हुए डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके बाद रेलवे ने 85 से ज्यादा ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया है। यह रेल मार्ग दिल्ली-हावड़ा रूट का हिस्सा है। उत्तरी रेलवे के अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि रेलवे के बड़े अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।



### दो सगे भाइयों की डूबने से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में मंगलवार को एक कृत्रिम जलाशय में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह रायसिंहनगर क्षेत्र के 56 एनपी गांव में हुई, जहां दोनों भाई खेत में काम कर रहे थे। पाइप ठीक करते समय 20 वर्षीय राजदीप सिंह का पैर फिसल गया और वह पानी से भरी डिग्गी में गिर गया बड़ा भाई उसे बचाने के लिए तुरंत पानी में कूद गया, वह भी डूबा।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जारी किया नोटिस

# पर्यावरण राहत कोष के 1,000 करोड़ सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को देने पर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से जवाब मांगा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पर्यावरण राहत कोष में जमा 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अब तक उपयोग नहीं किया गया है।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ के समक्ष जबलपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञान प्रकाश की ओर से कहा गया कि वर्षों से निष्क्रिय पड़े इस राहत कोष का इस्तेमाल सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की सहायता के लिए किया जाना चाहिए था।

याचिकाकर्ता के प्रयासों की तारीफ करते हुए पीठ ने कहा कि वर्ष 2019 में दायर इस जनहित याचिका में पर्यावरण राहत कोष के कथित गैर-उपयोग का मुद्दा उठाया गया है। पीठ ने कहा कि वर्ष 2020 तक इस कोष में कुल 881 करोड़ रुपए इकट्ठा किए गए थे, जो बाद में बढ़कर 1,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गए।

> याचिकाकर्ता के प्रयासों की तारीफ करते हुए पीठ ने कहा कि वर्ष 2019 में दायर इस जनहित याचिका में पर्यावरण राहत कोष के कथित गैर-उपयोग का मुद्दा उठाया गया है। पीठ ने कहा कि वर्ष 2020 तक इस कोष में कुल 881 करोड़ रुपए इकट्ठा किए गए थे, जो बाद में बढ़कर 1,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गए

### *2008 में बनी थी योजना अब इसमें करोड़ों रुपए*

### 2008 से किसी को नहीं दी राशि

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि पर्यावरण राहत कोष योजना वर्ष 2008 में बनाई गई थी, लेकिन इसके तहत अब तक किसी भी लाभार्थी को कोई राशि वितरित नहीं की गई है। जब अदालत को बताया गया कि इस कोष का प्रबंधन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर रहा है, तब पीठ ने केंद्र सरकार और बोर्ड के सदस्य सचिव को नोटिस जारी कर कोष के उपयोग या गैर-उपयोग के संबंध में विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने केंद्र सरकार और सीपीसीबी से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि इस कोष के उपयोग के लिए कोई व्यवस्था या योजना मौजूद है या नहीं, और अगर है तो अब तक राशि का वितरण क्यों नहीं किया गया?

### दौसा विस्फोट मामले में मौत की सजा रद्द

करीब तीन दशक पहले राजस्थान के दौसा जिले में हुए भीषण बस विस्फोट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाए दोषी अब्दुल हमीद की सजा रद्द करते हुए उसके खिलाफ नए सिरे से मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। साथ ही उम्रकैद की सजा पाए पप्पू उर्फ सलीम को बरी कर दिया है। इसके अलावा राजस्थान हाई कोर्ट की ओर से छह आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील भी खारिज कर दी गई। इस फैसले के साथ लगभग 30 साल पुराने इस मामले में न्यायिक प्रक्रिया एक बार फिर नए चरण में पहुंच गई है।

### एल्गार परिषद केसः तीसरे जज ने सुनवाई से खुद को किया अलग

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस चंद्रशेखर ने 2018 के एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। गाडलिंग की याचिका जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की पीठ के सामने सूचीबद्ध थी। जस्टिस मिश्रा ने कहा, यह किसी दूसरी पीठ के पास जाएगा, मेरे साथी जज को कुछ परेशानी है।

### केरल वक्फ बोर्ड की स्वयत्तता जरूरी

सर्वोच्च अदालत ने केरल हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश का वह हिस्सा हटा दिया, जिसमें केरल वक्फ बोर्ड को राज्य सरकार के संयुक्त सचिव की निगरानी में काम करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा कि बोर्ड की स्वायत्तता बनाए रखना जरूरी है, संयुक्त सचिव, उसी हैसियत से अपना कार्य जारी रखेंगे।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्की** पुत्र स्वर्गीय श्री कैलाश निवासी मकान नंबर टी-81, गली मीट वाली कबीर बस्ती मलका गंज, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 482/2020 धारा 379/411 भा.द.स, थाना सब्ज़ी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **विक्की, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 482/2020 धारा 379/411 भा.द.स, थाना सब्ज़ी मंडी, दिल्ली** के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री प्रीति राजोरिया**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07
कमरा नंबर 32
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/9912/N/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहताश,** (मोबाइल नंबर: 8375868397, 8929234743), पुत्र श्री राजू, निवासी मकान नंबर A-249, लाल बाग, आज़ादपुर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 000163/2022 धारा 379/411 भा.दं.सं. थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहताश** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहताश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 82 Cr.P.C.** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 000163/2022 धारा 379/411 भा.दं.सं. थाना रूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहताश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.09.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री राशि रहेजा,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-13 (केंद्रीय),**
**कक्ष संख्या 33, भू-तल,**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली।**

DP/10039/N/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बलबीर सिंह उप्पल पुत्रः हकीम आर्यन सिंह उप्पल पताः इ–883, प्रथम तल, सरस्वती विहार, दिल्ली और 16ए / 17, एफ–2 डब्ल्यूईए, करोल बाग, दिल्ली और ए–5, प्रथम तल, सराय पिपल थाला एक्सटेंशन, जी टी रोड, आदर्श नगर, दिल्ली** ने case **CC No. 528017/2016 U/s 138 NI Act, थानाः करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलबीर सिंह उप्पल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलबीर सिंह उप्पल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CC No. 528017/2016 U/s 138 NI Act, थानाः करोल बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बलबीर सिंह उप्पल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.08.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री निशांत बांगर**
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
रूम नं. 180
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9356/CD/2026 (Court Matter)

---

# मानसून ने पूरे देश को किया कवर, फसलों की बुवाई के लिए बनीं अनुकूल परिस्थितियां

- **कृषि मंत्रालय की समीक्षा बैठक में उर्वरक, बीज और मानसून और अल नीनो की स्थिति की समीक्षा की**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में खरीफ फसलों की बुवाई की प्रगति, अल नीनो के प्रभाव एवं मानसून की वर्तमान स्थिति, वर्षा की कमी वाले संवेदनशील जिलों की स्थिति, उर्वरकों एवं बीजों की उपलब्धता, जलाशयों में जल भंडारण इत्यादि की स्थिति की समीक्षा की गई। चौहान ने वर्षा की कमी वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा राज्यों के साथ सतत समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 17 जुलाई, 2026 तक देश में खरीफ फसलों का कुल बुवाई क्षेत्र 658.19 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है। यद्यपि पिछले वर्ष की तुलना में कुल बुवाई क्षेत्र में कमी दर्ज हुई है, फिर भी कई राज्यों में धान, दलहन एवं अन्य फसलों के अंतर्गत बुवाई में सकारात्मक प्रगति देखी गई है। चौहान ने निर्देश दिया कि दलहन, तिलहन एवं कपास मिशनों द्वारा राज्य सरकारों के साथ नियमित साप्ताहिक समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं और फील्ड स्तर से प्राप्त फीडबैक के आधार पर आवश्यक त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमानों, संभावित अल-नीनो परिस्थितियों तथा वर्षा की दृष्टि से देशभर के 270 संवेदनशील जिलों की स्थिति की समीक्षा की गई।

# युवाओं से संवाद में मुख्यमंत्री नायब बोले पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं

- **1000 युवाओं को मुख्यमंत्री तीर्थ योजना से जोड़ने की घोषणाकी**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को पंचकूला के पिंजौर स्थित एप्पल मंडी में आयोजित युवा संवाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में युवाओं का आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा अपने जन्मदिन, माता-पिता के जन्मदिन या किसी विशेष अवसर पर एक पौधा लगाकर उस की देखभाल करने का संकल्प ले। यही विकसित भारत और विकसित हरियाणा की मजबूत नींव बनेगा। मुख्यमंत्री ने वन चेतना यात्रा-2026 के तहत चार एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वैन प्रदेश के सभी जिलों में जाकर लोगों को पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगी। इस दौरान उन्होंने थापली नेचर कैंप में भाग लेने वाले युवाओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया। युवाओं से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत एक हजार युवाओं को शामिल करने की घोषणा की। साथ ही युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष अधिकारी नियुक्त करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मोरनी स्थित टिक्करताल को मनाली की तर्ज पर पर्वतारोहण प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।



## खबर संक्षेप




### अदाणी एनर्जी का लाभ पहली तिमाही में दोगुने से अधिक

**नई दिल्ली।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में दोगुने से अधिक होकर 1,236.56 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 538.94 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,852.20 करोड़ हो गई, एक साल पहले जून तिमाही में यह 7,025.49 करोड़ रुपये थी।

### बजाज ऑटो के लाभ में 42 प्रतिशत की वृद्धि




**मुंबई।** बजाज ऑटो लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत बढ़कर 2,982.84 करोड़ रुपये रहा है। पुणे स्थित वाहन विनिर्माता कंपनी का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 2,095.98 करोड़ रुपये था।

### रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 96.24 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया शुरुआती गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को 12 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.24 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत जून से अब तक भारत में 20.72 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह हुआ है, जिससे देश के भुगतान संतुलन की स्थिति को महत्वपूर्ण संरचनात्मक समर्थन मिला है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अदला-बदली सुविधा के तहत 17 अरब डॉलर से अधिक विदेशी मुद्रा जमा

# अदला-बदली सुविधा के तहत एफसीएनआर बी प्रवाह में विदेशी बैंकों का हिस्सा अधिक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बैंक अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत जमा किए गए 17 अरब डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) जमा में विदेशी बैंकों की हिस्सेदारी अधिक है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि अब तक आए कोष में सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बड़े और निजी क्षेत्र के बैंकों की बड़ी हिस्सेदारी है।

आरबीआई ने सोमवार को कहा था कि विदेशी मुद्रा के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती अदला-बदली सुविधा ने 17 जुलाई तक 20.72 अरब डॉलर जुटाए हैं। इसमें 17.41 अरब डॉलर एफसीएनआर-बी से, 1.97 अरब डॉलर ओएफसीबी (विदेशी स्रोतों से विदेशी मुद्रा कर्ज) से और 1.34 अरब डॉलर बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) से आए।

### कोष का बड़ा हिस्सा विदेशी बैंकों से आया

केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, कुल कोष में एफसीएनआर(बी) जमा का हिस्सा 17.41 अरब डॉलर है, जबकि ओएफसीबी का योगदान 1.97 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक उधारी का योगदान 1.34 अरब डॉलर था। करूर वैश्य बैंक के उप-महाप्रबंधक और ट्रेजरी प्रमुख वी. रामचंद्र रेड्डी ने कहा, आरबीआई की एफसीएनआर (बी) योजना के तहत जमा किए गए कोष का बड़ा हिस्सा विदेशी बैंकों से आया हो सकता है। उसके बाद सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बड़े बैंक और निजी क्षेत्रों के बैंकों का स्थान आता है।

### गिफ्ट सिटी में कामकाज अब बहुत कम

विदेशी बैंकों को विदेशी डॉलर वित्त पोषण आसानी से मिल जाता है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े और निजी क्षेत्र के बैंकों को गिफ्ट सिटी और विदेशी शाखाओं में अपनी मौजूदगी का लाभ मिलता है। इससे वे आरबीआई की अदला-बदली सुविधा का प्रभावी ढंग से उपयोग कर पाते हैं। रेड्डी ने कहा, ''इसके उलट, ज्यादातर छोटे और मझोले बैंक, जिनकी विदेश में मौजूदगी या गिफ्ट सिटी में कामकाज बहुत कम या बिल्कुल नहीं है, वे मुख्य रूप से आम लोगों से मिलने वाले एफसीएनआर-बी जमा पर निर्भर रहते हैं।

### आरबीआई ने विदेशी मुद्रा के प्रवाह को बढ़ावा देने लाई योजना

अब तक के आए कोष में सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के बैंकों की बड़ी हिस्सेदारी

रियायती अदला-बदली सुविधा ने 17 जुलाई तक 20.72 अरब डॉलर जुटाए




### कम समय में अच्छी खासी रकम जमा हुई

निजी बैंक के एक अधिकारी ने कहा कि विदेशी बैंकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत उपस्थिति और विदेश से आसानी से कोष मिलने की वजह से लाभ मिलता है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा, ''भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के तहत कम समय में ही अच्छी-खासी रकम जमा हुई है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि एफसीएनआर (बी) में आया कितना पैसा नया है और कितना पुरानी जमा के नवीनीकरण या पहले की जमा आगे की अवधि लिए जमा के रूप में आई है।''

### नई जमा के आंकड़े आरबीआई ने नहीं मांगे

सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एफसीएनआर (बी) में आया पैसा नई जमा और परिपक्व हो चुकी जमा की जगह आए पैसे का मिला-जुला रूप लगता है। उन्होंने कहा, ''आरबीआई ने बैंकों से आंकड़ा मांगा है, लेकिन उसने खास तौर पर नई जमा के आंकड़े नहीं मांगे हैं। मेरा मानना है कि बताई गई संख्या में नया पैसा और परिपक्व हो चुकी जमा की जगह आया पैसा, दोनों शामिल हैं।''

### जमा में काफी अच्छी वृद्धि देखी गई

केंद्रीय बैंक ने कहा कि आठ जून, 2026 को शुरू होने के बाद से अदला-बदली सुविधा में लोगों ने काफी दिलचस्पी दिखाई है और विदेशी मुद्रा का लगातार प्रवाह हुआ है। इसमें एफसीएनआर (बी) जमा में काफी अच्छी वृद्धि देखी गई है। आरबीआई ने भारत के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और पूंजी प्रवाह को प्रोत्साहित करने के कई उपायों के तहत पांच जून, 2026 को यह अदला-बदली सुविधा पेश की थी।

### यह सुविधा 8 जून 2026 को परिचालन में

यह सुविधा आठ जून, 2026 को परिचालन में आई और यह एफसीएनआर (बी) जमा के लिए 30 सितंबर, 2026 तक और ओएफसीबी तथा ईसीबी के लिए 31 दिसंबर, 2026 तक उपलब्ध है।

## भारतीय टीम के लिए चयनित एम डी आई एस के छात्र अर्नव सहरावत




**नई दिल्ली।** मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल (एम डी आई एस), फरीदाबाद कक्षा 10 के छात्र अर्नव सहरावत का 19वें इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑन एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईओएए-2026) के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। इस वर्ष भारतीय टीम में चयनित होने वाले वे देश के एकमात्र कक्षा 10 के छात्र हैं। अर्नव ने होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई), टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई में आयोजित **Astronomy OCSC**-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में स्थान बनाया। अब वे 25 सितंबर से 5 अक्टूबर 2026 तक हनोई (वियतनाम) में आयोजित (आईओएए-2026) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल कर अर्नव ने विद्यालय, फरीदाबाद और हरियाणा का नाम रोशन किया है।

### टीवीएस मोटर के लाभ में 65 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 65 प्रतिशत बढ़कर 1,057.61 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 642.86 करोड़ रुपये रहा था। मोटर वाहन कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 16,295.52 करोड़ रुपये हो गई जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 12,210.05 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च सालाना आधार पर 11,261.60 करोड़ रुपये से बढ़कर 14,894.22 करोड़ रुपये हो गया।

**न्यायालय, श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ कोटी) अष्टम हाजीपुर, वैशाली**
**स्वामित्व वाद संख्या 1018/2025**
**हरि नन्दन कुमार वगैरह ...... वादीगण**
**बनाम**
**भोलाराम एग्रो इण्डस्ट्रीज प्रा० लि० वगैरह प्रतिवादीगण**

सूचना बनाम :- 1. भोलाराम एग्रो इंडस्ट्रीज प्रा० लि०, दूसरा तल, एम-79, एम ब्लाक मार्केट, ग्रेटर कैलाश, न्यू दिल्ली-110048
.... प्रतिवादी

इस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आपके विरूद्ध नजारत एवं निबंधित डाक द्वारा न्यायालय से सूचना भेजा जा चुका है। इसके बाबजूद आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।
अब समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वाद में अगली निर्धारित तिथि 12/08/2026 को समय 10:30 बजे दिन में स्वयं या अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर उत्तर पत्र दाखिल करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कारवाई की जाएगी। इसे अंतिम चेतावनी समझें। मेरे हस्ताक्षर एवं अदालत की मुहर से दिनांक 15/07/2026 को जारी किया गया।
**हस्ता/-व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ कोटी) अष्टम हाजीपुर, वैशाली**

## पश्चिम एशिया संकट से सेंसेक्स 238 अंक टूटा

*एचडीएफसी बैंक में बिकवाली का दबाव*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक में बिकवाली के दबाव के साथ अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से बीएसई सेंसेक्स 238 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी में 51 अंक की गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 238.41 अंक यानी 0.31 प्रतिशत टूटकर 77,470.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 371.19 अंक की गिरावट के साथ 77,337.33 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 50.80 अंक के नुकसान के साथ 24,187.70 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी ने शेयर बाजारों में जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है। सेंसेक्स में



### निवेशक जोखिम लेने से बच

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों के जोखिम लेने से बचने के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू स्तर पर, एचडीएफसी बैंक के नतीजों के बाद आई गिरावट से बैंक और वित्तीय क्षेत्र में हुए नुकसान ने दूसरे कुछ प्रमुख शेयरों में हुई बढ़त के असर को समाप्त कर दिया, जिससे मानक सूचकांक पर दबाव पड़ा।''

शामिल शेयरों में एचडीएफसी बैंक में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह दो प्रतिशत नीचे आ गया। तिमाही वित्तीय परिणाम में मार्जिन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने से बैंक का शेयर नुकसान में रहा।

## स्थानीय मांग बढ़ने से सोना 800 रुपये चढ़ा, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को हाजिर मांग में तेजी और मजबूत वैश्विक रुख के कारण सोने की कीमतों में 800 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1,47,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। सोमवार को यह 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रही। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की लगातार खरीदारी देखी गई, जबकि हालिया गिरावट के बाद चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतों में और बढ़ोतरी हुई क्योंकि अमेरिका-ईरान के बीच फिर से शुरू हुई राजनयिक कोशिशों से भू-राजनीतिक तनाव कम हुआ, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई और सर्राफा को समर्थन मिला।'' उन्होंने कहा कि मजबूत हाजिर मांग, खासकर चीन से, और केंद्रीय बैंकों की



लगातार खरीदारी ने कीमती धातुओं को समर्थन देना जारी रखा। वैश्विक बाजार में, हाजिर सोना 50.12 डॉलर या 1.25 प्रतिशत बढ़कर 4,057.89 डॉलर प्रति औंस हो गया और चांदी चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 58.80 डॉलर प्रति औंस हो गई। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, ''मंगलवार को हाजिर सोने की कीमत में बढ़ोतरी हुई और यह दिन के 4,082 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि धातु ने पिछले सप्ताह 4,000 डॉलर से नीचे आई गिरावट के बाद अपनी खोई हुई बढ़त को फिर से हासिल करना जारी रखा।''

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जून में 12% घटी

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जून में लगभग 12 प्रतिशत घटकर 1.35 करोड़ रही, जबकि मई में एयरलाइन कंपनियों ने 1.53 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दी थीं। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। बीते वर्ष इसी महीने में 1.36 करोड़ यात्रियों की संख्या की तुलना में पिछले महीने यह गिरावट मामूली रही। आम तौर पर, जून, जुलाई और अगस्त का समय एयरलाइंस के लिए यात्रियों की संख्या के लिहाज से नरम होता है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के अनुसार, जून में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 66.3 प्रतिशत हो गयी जो मई में 64.9 प्रतिशत थी। इसी दौरान एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी घटकर 23.9 प्रतिशत रह गयी जो इससे पिछले महीने 25.6 प्रतिशत थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. / 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुलेमान, पुत्रः सलाउद्दीन, पताः ई–252, जे.जे. कॉलोनी, सेक्टर–24, रोहिणी, बुध विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 376/2023, U/s 324/34/506 IPC, पुलिस थाना बुध विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुलेमान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुलेमान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 376/2023, U/s 324/34/506 IPC, पुलिस थाना बुध विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **सुलेमान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री संयम जैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04, उत्तर–पश्चिम**
**DP/10018/RD/2026** **कमरा नं. 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर रक्तदान वैन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 21.07.2026 05.08.2026 | 3,60,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/47374/I/88/7 दि. 21.07.26

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## अब नो-नेटवर्क जोन में भी फेल नहीं होगा यूपीआई! एनपीसीआई ला रहा नया फीचर


**नई दिल्ली।** आम लोगों के लिए यूपीआई से जुड़ी खास खबर सामने आई है। अब जल्द ही बिना इंटरनेट के यूपीआई पेमेंट आसानी से हो सकेगा। इस मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि भारत एक ऐसी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सुविधा विकसित कर रहा है, जिससे ग्राहक मर्चेंट के पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) टर्मिनल पर तब भी पेमेंट कर सकेंगे, जब दोनों डिवाइस में इंटरनेट न हो। रिपोर्ट के मुताबिक, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) 2026 में प्रमुख टर्मिनल बनाने वाली कंपनियों के पीओएस डिवाइस को सर्टिफाई करना शुरू कर सकता है। प्रस्तावित सिस्टम में नियर-फील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होगा और एनएफसी-इनेबल्ड फोन को ऑफलाइन टर्मिनल पर टैप करके 2,000 रुपए तक का पेमेंट किया जा सकेगा।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | गांवों कैमरी और टोकस पट्टान जिला हिसार में बाढ़ संरक्षण और पानी निकालने के कार्यों हेतु 5 सीएस वीटी पम्पस के लिए उपयुक्त 30 एचपी मोटर्स (सोलिड शाफ्ट स्वायरल केज) की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन। | 20.07.2026 27.07.2026 | 9.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | फतेहाबाद जिले के गांवों कैमरी मोहम्मदपुर रोही (एमपी रोही), बडोपल, भट्टू, गोरखपुर में बाढ़ संरक्षण और पानी निकालने के कार्यों हेतु 5 सीएस वीटी पम्पस के लिए उपयुक्त 30 एचपी मोटर्स (सोलिड शाफ्ट स्वायरल केज) की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन। | 20.07.2026 27.07.2026 | 9.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 3 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (इंज. गेडोपेंटेटेट डायमेग्लुमाइन यूएसपी 10 एमएल (469 एमजी/एमएल) (एमआरआई कांट्रेस्ट इंज.), इंज. आयोहेग्जॉल यूएसपी 100 एमएल (755 एमजी/एमएल) (सीटी कांट्रेस्ट इंज.) इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 23.07.2026 30.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 4 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (इंज. टेटनस टॉक्सॉयड, फेनिरामाइन मैलेट इंजेक्शन 22.75 एमजी/एमएल, 2 एमएल, इंज. एंटी-रेबीज सीरम 1500आईयू/5एमएल, इंजे. लिग्नोकेन 20%, 30 एमएल कैप. ओमेप्राजोल 20 एमजी इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 23.07.2026 30.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 5 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (इंज. डेक्सामेथासोन 4एमजी/एमएल, 2एमएल; टैब. एज़िथ्रोमाइसिन 500 एमजी, ओलोपाटाडाइन आई ड्रॉप्स 0.1%, 5 एमएल, टैब. रिस्पेरिडोन 2 एमजी, टैब.. मेटफॉर्मिन 1जीएम इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 24.07.2026 31.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 6 | सिविल सर्जन अम्बाला | एक वर्ष हेतु, जो अगली निविदा के अन्तिम निर्णय तक बढ़ाई जा सकती है, अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष हेतु अंबाला ज़िले में स्थित हरियाणा राजकीय स्वास्थ्य संस्थानों के लिए औषधि, कंज्यूमेबल्स, डेंटल और एंटी-कैंसर दवाओं की खरीद के लिए ई-निविदा। | 24.07.2026 10.08.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2557473 dhs.csamb@hry.nic.in |
| 7 | सिविल सर्जन नारनौल | जिला नागरिक हस्पताल, नारनौल के लिए ऑर्थो इम्प्लांट्स की अधिप्राप्ति के लिए ई-निविदा। | 22.07.2026 13.08.2026 | 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9802479177 DHS.CSMHN@HRY.NIC.IN |
| 8 | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन खानपुर कलां सोनीपत में औषधि, कंज्यूमेबल्स स्पाइनल नीडल + उन्नीस अन्य कार्यों के लिए ई-निविदा हेतु विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 21.07.2026 28.07.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2027/160/47382/I/88/7 दि. 21.07.26

## शब्द पहेली - 6294



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य–5
4.आज्ञापत्र, पतंगा–4
7.शरीर, बदन–2
8.होशियार, हुनरमंद–3
9.नस, नाड़ी–2
10.तीर रखने का पात्र–4
11.गधा, गर्दभ–2
13.जो बंदी हो–3
14.पत्नी, भार्या–2
15.दृष्टि, निगाह–3
17.खैरात, दक्षिणा–2
19.अपने ही घर में कैद होना–5
22.भाग्यवाला–5
25.जी, इच्छा–2
26.तन, काया–3
28.दुनिया, संसार–2
29.वेतन–3
30.भीगा हुआ–2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी–4
34.परिणाम,हल,फ्रूट–2
36.सचेग–3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म–2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी–4
39.निरस्त करना–2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म–2
2.रवि, सूर्य–3
3.तमाशा देखनेवाले–5
4.परीक्षण,जांच–3
5.सप्ताह का दिन–2
6.जो नापसंद हो (उर्दू–4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म–2,3
10.भाग्य,किस्मत–4
12.क्रिकेट में बनते हैं–2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म –3
17.खुजली–2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना–2
20.आवश्यक–3
21.कैदी, बंधक–2
22.इसाई साध्वी–2
23.बालकपन–4
24.असावधान–5
25.महासमुद्र–5
26.सज्जनता, भद्रता–4
27.अभिषेक की फिल्म–2
31.मुद्दा (उर्दू–3)
33.वाचन करनेवाला–3
35.उद्देश्य–2
37.आगमन,आने का भाव–2

**शब्द पहेली- 6293 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |



# जिम्बाब्वे के खिलाफ सूर्यवंशी का मिशन 150 सिक्स, टी20 में होंगे नंबर-1

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम जिम्बाब्वे के दौरे पर गई है। इस दौरे पर टीम इंडिया को श्रेयस अय्यर की कप्तानी में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 23 जुलाई को खेला जाएगा। इस सीरीज में पहली बार वैभव सूर्यवंशी बतौर प्रमुख ओपनर बनकर गए हैं। इंग्लैंड में वैभव का प्रदर्शन खास नहीं था लेकिन अब जिम्बाब्वे सीरीज में उनके पास मौका है अपनी जगह पक्की करने का। जिम्बाब्वे दौरे पर वैभव सूर्यवंशी के निशाने पर टी20 क्रिकेट का खास वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। वह तीन मैचों की सीरीज में अगर 11 छक्के लगा देते हैं तो टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 150 छक्के पूरे करने वाले नंबर 1 बल्लेबाज बन जाएंगे। वैभव के नाम अभी तक 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में दर्ज हैं।

हालांकि, इस मामले में नंबर 1 पर काबिज खिलाड़ी ने 66 पारियों में यह कारनामा किया था। नंबर 1 पर नाम है यूएई के मोहम्मद वसीम का। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के एविन लुईस और तीसरे नंबर पर क्रिस गेल हैं। अगर वैभव ने यह कारनामा किया तो वह तीनों खिलाड़ियों को पीछे छोड़ नंबर 1 बन जाएंगे।



### 23 जुलाई से भारत और जिम्बाब्वे के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज

#### टी20 सीरीज का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | : 23 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |
| दूसरा टी20 | : 25 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |
| तीसरा टी20 | : 26 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |

#### टी20 में सबसे तेज 150 छक्के

| | |
|---|---|
| मोहम्मद वसीम (यूएई) | : 66 पारी |
| एविन लुईस (वेस्टइंडीज) | : 70 पारी |
| क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) | : 72 पारी |

### सूर्यकुमार को पीछे छोड़ सकते हैं वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में अभी तक लगाए हैं। वह 11 छक्के और लगाते ही भारत समेत पूरी दुनिया में नंबर 1 बन जाएंगे। उनके नाम टी20 में सबसे तेज 150 छक्के लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो सकता है। भारत के लिए यह रिकॉर्ड 86 पारियों में सूर्यकुमार यादव ने बनाया था। यानी वैभव सूर्या को भी पीछे छोड़ सकते हैं।

### वैभव-अभिषेक ने की प्रैक्टिस

जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण भारतीय टीम के कोच की भूमिका निभा रहे हैं। उनकी देखरेख में खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस की। इस दौरान टीम के दो युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी का भी अभ्यास करते दिखे। उनके साथ रिंकू सिंह ने भी गेंदबाजी की प्रैक्टिस की।

### सीरीज के लिए भारत का स्क्वाड

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

### 2024 के बाद पहला जिम्बाब्वे दौरा

भारतीय टीम इससे पहले जिम्बाब्वे दौरे पर 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद गई थी। अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए इसी सीरीज में डेब्यू किया था। शुभमन गिल कप्तान थे। उस सीरीज में यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ भी खेले थे।

## खबर संक्षेप



### विश्व जूनियर स्क्वाश अनाहत दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अनाहत सिंह ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लिली विल्सन को आसानी से 11-2, 11-1, 11-3 से हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रही विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। आर्यवीर दीवान, युशा नफीस और गुरवीर सिंह की भारतीय तिकड़ी ने प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरव रामभिया ने रोनी हिकलिंग के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को आखिर में हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग के पहले दौर में अनिका दुबे ने जापान की अन्ना कुवाहारा को सीधे गेम में हराया और सान्वी ने पांच गेम के मुकाबले में नीदरलैंड की एल्के मोल्स को पराजित किया।

### आज से हांगकांग में विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत का 24 सदस्यीय तलवारबाजी दल बुधवार से हांगकांग में शुरू हो रही सीनियर विश्व चैंपियनशिप में जोर आजमाइश करेगा। नौ दिवसीय चैंपियनशिप एशियावर्ल्ड एक्स्पो पर आयोजित की जाएगी। भारतीय टीम में 12 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ी हैं, जो सभी तीन श्रेणियों एपी, फॉइल और साबरे में व्यक्तिगत और टीम वर्गों में भाग लेंगे। भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता ने कहा,' विश्व चैंपियनशिप भारतीय तलवारबाजी के लिए काफी अहम है क्योंकि हमे विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के सामने खुद को आंकने का मौका मिलेगा।' टीम के साथ 5 राष्ट्रीय कोच और 2 फिजियो भी जाएंगे।

### बुडापेस्ट में होगी टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप

FIDE

**नई दिल्ली।** शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे से मान्यता प्राप्त टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर का आधिकारिक पायलट संस्करण 10 से 21 नवंबर तक हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित किया जाएगा। यहां प्रतियोगिता शतरंज के तीनों प्रारुप क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में आयोजित की जाएगी। इन तीनों प्रारुप में सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी चैंपियन बनेगा। बुडापेस्ट में होने वाली प्रतियोगिता चैंपियनशिप के प्रारुप के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में काम करेगी, जिसे 2027 में विश्व स्तर पर लागू किया जाना है। फिडे ने यह भी घोषणा की है कि टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर विश्व चैंपियनशिप के लिए चैलेंजर का निर्धारण करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग प्रक्रिया का हिस्सा होगा।

### ग्लासगो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होंगे गेम्स

# 10 खेलों में सिमटा कॉमनवेल्थ हॉकी-कुश्ती समेत कई खेल बाहर

कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वरूप पहले के मुकाबले काफी बदला हुआ

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो


स्काडलैंड के ग्लासगो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय दल की घोषणा हो चुकी है। इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वरूप पहले के मुकाबले काफी बदला हुआ है।

लागत कम करने के लिए खेलों को सिर्फ 10 स्पर्धाओं तक सीमित रखा गया है। हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती और क्रिकेट जैसे वे खेल इस बार कार्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं, जिनमें भारत पारंपरिक रूप से सबसे ज्यादा पदक जीतता रहा है। ऐसे में इस बार भारत की पदक उम्मीदों का बड़ा दारोमदार एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स के खिलाड़ियों पर रहेगा।

### उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक मीराबाई

भारतीय दल में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू और बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन मुख्य रूप से शामिल हैं। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू उद्घाटन समारोह में देश की ध्वजवाहक हैं। खेल मंत्रालय ने इन खेलों के लिए 191 सदस्यों वाले भारतीय दल को मंजूरी दी है, जिसमें 126 खिलाड़ी (78 पुरुष और 48 महिला) और 51 टीम पदाधिकारी शामिल हैं।

### नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू, लवलीना समेत भारतीय खिलाड़ियों की सूची







#### एथलेटिक्स पुरुष टीम

गुरिंदरवीर सिंह (100 मीटर), अनिमेष कुजूर (200 मीटर), गुलवीर सिंह (5000 मीटर/10000 मीटर), तेजस शिर्से (110 मीटर बाधा दौड़), यशस पलक्ष (400 मीटर बाधा दौड़), संतोष कुमार तमिलरासन (400 मीटर बाधा दौड़), सर्वेश कुशारे (ऊंची कूद), आदर्श राम (ऊंची कूद), देव मीना (पोल वॉल्ट), कुलदीप कुमार (पोल वॉल्ट), मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद), लोकेश सत्यनाथन (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (ट्रिपल जंप), सेल्वा प्रभु (ट्रिपल जंप), समरदीप सिंह गिल (शॉट पुट), तेजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), नीरज चोपड़ा (जैवलिन थ्रो), रोहित यादव (जैवलिन थ्रो), यश वीर सिंह (जैवलिन थ्रो), तेजस्विन शंकर (डेकाथलॉन), विशाल थेन्नारासु कयालविझी (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले), राजेश रमेश (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले), अंसा बाबू (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले)।

#### राष्ट्रमंडल खेलों में होने वाली प्रतियोगिताएं

3×3 बास्केटबॉल और 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल, आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) ,बॉल्स और पैरा बॉल्स, बॉक्सिंग , साइकिलिंग ट्रैक और पैरा साइकिलिंग ट्रैक, जूडो, नेटबॉल स्विमिंग (तैराकी) और पैरा स्विमिंग, वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) और पैरा पावरलिफ्टिंग

#### वेटलिफ्टिंग (पुरुष) टीम

ऋषिकांत सिंह (60 किग्रा), एम राजा (65 किग्रा), अजय बाबू (79 किग्रा), दिलबाग सिंह (94 किग्रा), लवप्रीत सिंह (+110 किग्रा)

**वेटलिफ्टिंग (महिला) टीम**

मीराबाई चानू (48 किग्रा), ज्ञानेश्वरी यादव (53 किग्रा), बिंद्यारानी देवी (58 किग्रा), हरजिंदर कौर (69 किग्रा), संजना (77 किग्रा), सीरम निरुपमा देवी (86 किग्रा), मार्टिना देवी (+86 किग्रा)।

#### मुक्केबाजी (पुरुष) टीम

जेदुमणि सिंह (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), आदित्य प्रताप सिंह (65 किग्रा), सुमित कुंडू (70 किग्रा), अंकुश अंकुश (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (+90 किग्रा)।

#### मुक्केबाजी (महिला) टीम

साक्षी चौधरी (51 किग), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा), प्रिया घनघास (60 किग्रा), परवीन हुडा (65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा)।

### महिला वनडे रैंकिंग

# टॉप-10 में हैली मैथ्यूज की स्थिति और मजबूत

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी महिला चैंपियनशिप में आयरलैंड के खिलाफ 3-0 से सीरीज जीतने के बाद, वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज और उनकी कई साथी खिलाड़ियों ने ताजा महिला वनडे रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की है। आयरलैंड सीरीज में वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज का गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन रहा था।

प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं मैथ्यूज की आईसीसी की महिला बल्लेबाजों, गेंदबाजों और ऑलराउंडरों की रैंकिंग में टॉप-10 में उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। तीन वनडे मैचों की सीरीज में मैथ्यूज ने 265 रन बनाए और 7 विकेट लिए।

### आयरलैंड पर जीत के बाद वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों को फायदा



### स्टेफनी, आलिया एलेन, एफी फ्लेचर को बढ़त

अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर, ऑलराउंडर आलिया एलेन, स्पिनर एफी फ्लेचर और ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को ताजा रैंकिंग अपडेट में फायदा हुआ। आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में शानदार शतक लगाने के बाद टेलर वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 22वें नंबर पर आ गईं। उसी मैच में 33 रन की पारी खेलने के बाद एलेन वनडे बल्लेबाजों की सूची में चार स्थान ऊपर चढ़कर 73वें नंबर पर पहुंच गईं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में फ्लेचर ने किया सुधार

वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में, फ्लेचर ने एक स्थान का सुधार किया और संयुक्त रूप से 21वें नंबर पर पहुंच गईं। उन्होंने सीरीज में आठ विकेट लिए, जो तीनों मैचों में किसी भी गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट थे। सीरीज में अपने प्रदर्शन के बाद डॉटिन की गेंदबाजी रैंकिंग में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ और वह छह स्थान ऊपर चढ़कर 75वें नंबर पर पहुंच गईं। इस क्लीन स्वीप से कैरेबियाई टीम आठ अंकों के साथ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

### फुटबॉल

# वर्ल्ड कप हारने के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों पर बैन होने का खतरा



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने स्पेन और अर्जेंटीना के बीच खेले गए विश्व का फाइनल के बाद दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच हुई झड़प की जांच शुरू कर दी है। स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार खिताब जीता लेकिन अंतिम सीटी बजाने के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए, जिससे जश्न का माहौल खराब हो गया। वीडियो रीप्ले में अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पारेडेस समेत कई खिलाड़ी हाथापाई में शामिल दिखे। वीडियो में देखने से ऐसा लग रहा है कि पोरडेस ने स्पेन के एरिक गार्सिया का गला पकड़ा। जब स्पेन के स्थानापन्न खिलाड़ी गावी बीच-बचाव करने के लिए आए तो पोरडेस ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया।

▪ फीफा ने शुरू की खिलाड़ियों के बीच झड़प की जांच

### गुकेश को मिली लगातार दूसरी शिकस्त सरीन ने एरिगैसी को हराया

**चेन्नई (भाषा)।** ग्रैंडमास्टर एम. प्रणेश ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को लगातार दूसरी बार शिकस्त देकर चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में बड़ा उलटफेर किया तो वहीं, ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पराजित किया। टूर्नामेंट में अब एक और दौर का मुकाबला बचा है ऐसे में एरिगैसी की हार का सबसे बड़ा फायदा फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा को मिला। फिरोजा छठे दौर में ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलाने के बाद चार अंकों के साथ अकेले शीर्ष पर पहुंच गए हैं। एरिगैसी और अब्दुसत्तोरोव एक समान 3.5 अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। मुकाबले के दौरान एक समय ऐसा लगा कि गुकेश अपनी पहली जीत दर्ज कर लेंगे, लेकिन प्रणेश ने उनकी गलती का फायदा उठाकर 39 चालों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। एरिगैसी को संयुक्त बढ़त बनाए रखने के लिए सरीन के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी।

### चीन मास्टर्स टूर्नामेंट : पहले दौर में बाहर देविका और प्रणय

**चांग्झू।** भारत की देविका सिहाग और एचएस प्रणय चीन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। थाईलैंड ओपन सुपर 300 चैंपियन देविका ने शुरुआती गेम हारने के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन वह लय बरकरार नहीं रख सकीं और महिला एकल के पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से 19-21, 21-19, 13-21 से हार गईं।



प्रणय का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह पुरुष एकल के पहले दौर में मलेशिया के लियोन जून हाओ से सीधे गेम में 10-21, 14-21 से हार गए। जापान ओपन की विजेता पीवी सिंधू बुधवार को हमवतन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया- बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में कमिंस, हेजलवुड और लियोन की वापसी

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन के चोट से उबरकर वापसी करने से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की क्रिकेट श्रृंखला में उसके चारों प्रमुख गेंदबाज फिर से अंतिम एकादश में दिखाई दे सकते हैं।

तेज गेंदबाज कमिंस, हेज़लवुड और मिचेल स्टार्क तथा ऑफ स्पिनर लियोन लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण प्रमुख हिस्सा रहे हैं, लेकिन चोटिल होने के कारण हाल के समय में यह चारों गेंदबाज बहुत कम मैचों में एक साथ खेल पाए। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि वापसी करने वाले सभी गेंदबाज 'खेलने के लिए फिट हैं।'उन्होंने कहा, ' हम अभी से अंतिम एकादश को अंतिम रूप नहीं देंगे, लेकिन हम जानते हैं कि इस दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए हमारे पास मजबूत टीम है। मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी यह चारों गेंदबाज एक साथ खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।' बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 13 से 17 अगस्त तक डार्विन और दूसरा टेस्ट मैच 22 से 26 अगस्त तक मैकाय में खेला जाएगा।



#### ऑस्ट्रेलिया टीम

*पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।*

### अगस्त में शुरू होगा हॉकी का महासंग्राम, लाकड़ा, पाल और मोइरांगथाम बाहर

# विश्व कप के लिए हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अगले महीने होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें प्रो लीग का यूरोप चरण खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है।

प्रो लीग में 24 सदस्यीय टीम चुनी गई थी लेकिन विश्व कप में 20 सदस्यों की टीम ही चुनी जानी है। डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा, मिडफील्डर राजकुमार पाल और रविचंद्र सिंह मोइरांगथाम और फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति टीम में जगह नहीं बना सके हैं। भारत पिछले महीने प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद चार जीत, पांच ड्रॉ और सात हार के बाद 9 टीमों में पाकिस्तान से ऊपर आठवें स्थान पर रहा। 8 बार की ओलंपिक चैंपियन भारतीय टीम अब तक सिर्फ एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है। पिछली बार भुवनेश्वर में हुए 2023 विश्व कप में मेजबान भारत नौवें स्थान पर रहा था। भारत ने बार्सीलोना में 1971 में कांस्य और एम्सटर्डम में 1973 में रजत पदक जीता था।



### हरमनप्रीत को टीम की कमान

पेरिस ओलंपिक में भारत को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने वाले हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान होंगे । वहीं तोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल का इंतजार खत्म करके भारत को कांसा दिलाने वाले मनप्रीत सिंह मिडफील्ड की रीढ होंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा,' यह काफी संतुलित टीम है, जिसमें युवाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है।'

#### भारतीय हॉकी टीम

**गोलकीपर :** मोहित एचएस, सूरज करकेरा
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच
**मिडफील्डर :** राजिंदर सिंह, आदित्य अर्जुन लालागे, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलाकांता शर्मा और विवेक सागर प्रसाद
**फॉरवर्ड :** दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मनदीप सिंह और अभिषेक।

#### पूल डी में पाकिस्तान के साथ भारत

*भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारत के सभी पूल मैच नीदरलैंड के एम्स्टेलवीन में होंगे। भारत को 15 अगस्त को वेल्स से, 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को पाकिस्तान से खेलना है।*




## पिच ब्लैक 2026: डार्विन में ऑस्ट्रेलियाई पीएम से मिले भारतीय जाबांज़

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय वायु सेना का जलवा, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिली भारतीय वायुसेना के जाबांजों की टुकड़ी

**एजेंसी ⏭ डार्विन**

ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में आयोजित बहुराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास 'एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2026 के भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय वायु सेना की टुकड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ऑस्ट्रेलिया में स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के मजबूत रक्षा संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि समुद्र तल से आसमान तक दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। 20 जुलाई से 07 अगस्त 2026 तक चलने वाला यह युद्धाभ्यास रॉयल ऑस्ट्रेलियाई एयर फोर्स (आरएएएफ) द्वारा हर दो साल में आयोजित किया जाता है, जो दक्षिणी गोलार्ध में सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज माना जाता है।

- रक्षा संबंध बुलंद: 19 देशों संग एयर कॉम्बैट में उतरी वायु सेना
- दक्षिणी गोलार्ध के बड़े एयर शो में भारतीय राफेल का जलवा
- ऑस्ट्रेलियाई आसमान में गरजेंगे राफेल, आईएएफ टीम ने शुरू किया अभ्यास


भारतीय वायु सेना के जबांज ऑस्ट्रेलिया के पीएम के साथ

### 100 वायु सैनिकों दल शामिल

इस साल के 19 से अधिक देशों की वायुसेनाएं एक साथ मिलकर हिस्सा ले रही हैं। अभ्यास का नाम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के विशाल और कम आबादी वाले इलाकों में रात के समय उड़ान भरने के विशेष अभ्यास के कारण पड़ा है। जटिल लार्ज फोर्स एम्प्लॉयमेंट और मल्टीनेशनल एयर कॉम्बैट ऑपरेशन्स के लिए विभिन्न देशों के सैन्य कर्मियों को एक मंच पर लाता है। भारतीय वायु सेना की ओर से लगभग 100 वायुसैनिकों का एक दल चार अत्याधुनिक राफेल फाइटर जेट्स शामिल हैं। एक्सरसाइज में अपनी सामरिक और कॉम्बैट स्किल्स का प्रदर्शन कर रहा है।

### पायलट व इंजीनियर भी शामिल

आईएएफ की इस विशेष टुकड़ी में पायलट, इंजीनियर, तकनीशियन, कंट्रोलर और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। राफेल मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट को कॉम्बैट सपोर्ट देने के लिए भारत ने सी-17 ग्लोबमास्टर-3 और आईएल-78 एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग (हवा में ईंधन भरने वाले) विमानों को भी मैदान में उतारा है। 17 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया पहुंची भारतीय वायु सेना की टुकड़ी के लिए यह अभ्यास लंबी दूरी के हवाई अभियानों को परखने, बल एकीकरण (फॉरगेट इंटीग्रेशन) को मजबूत करने और ऑपरेशनल बेस्ट प्रैक्टिसेज को साझा करने का एक बड़ा मंच प्रदान करता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह युद्धाभ्यास एक वास्तविक और चुनौतीपूर्ण बहुराष्ट्रीय माहौल में अंतर-संचालनीयता (इंटरऑपरेबिलिटी) को बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पेशेवर साझेदारी को मजबूत करने का शानदार मौका देता है। भारतीय वायु सेना इससे पहले 2018, 2022 और 2024 के संस्करणों में भी सफलता पूर्वक भाग ले चुकी है। इस निरंतर भागीदारी से भारत की वैश्विक रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और शांति बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ होती है।

## ब्रिटेन में नए पीएम बर्नहैम ने नए कैबिनेट के चेहरों का खुलासा किया

# नई सरकार में भारत का डंका, बिहार के कनिष्क नारायण बने एआई मंत्री, लीजा नंदी को मिली संस्कृति मंत्रालय की कमान

**एजेंसी ⏭ लंदन**

भारत के तकनीकी विशेषज्ञों का डंका अमेरिका से लेकर यूरोप तक बोलता रहा है। अब इसमें एक और सितारा जुड़ गया है। नाम है- कनिष्क नारायण। दरअसल, ब्रिटेन में नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने अपने नए कैबिनेट के चेहरों का सोमवार को खुलासा किया। इनमें भारत से जुड़े दो चेहरों को शामिल किया गया है। एक नाम कनिष्क नारायण और दूसरा नाम लीजा नंदी का। जहां कनिष्क को ब्रिटेन में नवगठित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मामलों का मंत्रालय सौंपा गया है, वहीं लीजा को संस्कृति मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। इन दोनों चेहरों का ही भारत से जुड़ाव रहा है। जहां लीजा पश्चिम बंगाल से नाता रखती हैं तो वहीं कनिष्क बिहार से। दोनों ही नेता दूसरी पीढ़ी के भारतवंशी हैं। यानी इनके पिता का जन्म भारत में ही हुआ था। बता दें इससे पहले ब्रिटेन में भारतीय मूल के ऋषि सुनक प्रधानमंत्री और प्रीति पटेल एवं सुएला ब्रेवरमैन गृह मंत्री रह चुके हैं।

- *कनिष्क का परिवार बिहार का है और लंबे समय से ब्रिटेन में है*
- *लीजा का परिवार पश्चिम बंगाल से है वे लंदन से पढ़ी हैं*
- ~~*लीजा का परिवार पश्चिम बंगाल से है वे लंदन से पढ़ी हैं*~~



### लीजा नंदी



लीजा नंदी ब्रिटेन की एक प्रमुख भारतीय मूल की नेता हैं, जो ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम के मंत्रिमंडल में संस्कृति मंत्री नियुक्त की गई हैं। उन्होंने न्यूकैसल यूनिवर्सिटी से राजनीति विज्ञान में पढ़ाई की और बाद में लंदन की बिर्कबेक यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री हासिल की। राजनीति में आने से पहले उन्होंने बेघर लोगों के लिए काम करने वाली संस्था सेंटरप्वाइंट और द चिल्ड्रन सोसाइटी में वरिष्ठ नीति सलाहकार के रूप में काम किया। लीजा ने 2006 से 2010 तक हैमरस्मिथ और फुलहम में लेबर पार्टी से पार्षद के रूप में काम किया। 2010 के आम चुनावों में वह लेबर पार्टी की ओर से विगन क्षेत्र से सांसद चुनी गईं। इस जीत के साथ ही वह इस क्षेत्र की पहली महिला और पहली एशियाई सांसद बनीं, जहां लेबर पार्टी का पिछले 100 से अधिक वर्षों से कब्जा रहा है।

### भारतीय मूल के प्रमुख नेता हैं कनिष्क नारायण



कनिष्क नारायण ब्रिटेन में एक प्रमुख भारतीय मूल के नेता हैं। उन्हें वेल्स के पहले जातीय अल्पसंख्यक सांसद होने का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त है। उन्होंने कैथेस हाई स्कूल से पढ़ाई करने के बाद, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से दर्शनशास्त्र, राजनीति और अर्थशास्त्र (पीपीई) में बीए और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री (एमबीए) हासिल की है। राजनीति में कदम रखने से पहले, उन्होंने अमेरिका की सिलिकॉन वैली और ब्रिटेन में ग्लोबल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम किया है। वह निवेश बैंक लजॉर्ड में काम कर चुके हैं, जहां उन्होंने ब्रिटिश कंपनियों और वित्त मंत्रालय के सलाहकार के तौर पर काम किया।

### बिहार में जन्म दिल्ली में पढ़ाई

कनिष्क नारायण का जन्म बिहार के मुजफ्फरपुर में हुआ था। उन्होंने अपने बचपन के शुरुआती साल भारत में ही बिताए। कनिष्क के पिता संतोष कुमार और मां चेतना सिन्हा एसकेजे लॉ कॉलेज से पढ़ाई पूरी करने के बाद दिल्ली चले गए। ऐसे में तीसरी कक्षा तक मुज्जफरपुर में पढ़े कनिष्क की आगे की पढ़ाई दिल्ली के एपीजे स्कूल से हुई। बाद में 12 वर्ष की उम्र में उनके माता-पिता भारत से ब्रिटेन के वेल्स स्थित कार्डिफ में बस गया।

### भारत से जुड़ाव

लीजा नंदी के पिता दीपक नंदी भारत में पश्चिम बंगाल के कोलकाता से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता एक बंगाली मार्क्सवादी प्रोफेसर और शिक्षाविद रहे। वहीं, उनकी मां लुईस बायर्स, ब्रिटिश मूल की हैं। अपने पिता के जरिए ही लीजा को भारतीय-ब्रिटिश मूल की नेता माना जाता है। उनके नाना फ्रैंक बायर्स, एक लिबरल सांसद थे, जो बाद में हाउस ऑफ लॉर्ड्स (ब्रिटिश संसद के उच्च सदन) में भी रहे।

## ईरान के 9 शहरों पर अमेरिका ने किए हमले

# अब अमेरिका ने माना-ईरानी हमलों में 100 सैनिक घायल



**एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन**

अमेरिका ने मान लिया है कि ईरान के जवाबी हमलों में उसके करीब 100 सैनिक घायल हुए हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये सैनिक 7 जुलाई के बाद हुए हमलों में घायल हुए। इनमें से 96% सैनिक ठीक होकर ड्यूटी पर लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर को सिर पर हल्की चोट लगी थी।

पार्नेल ने यह बयान स्थानीय मीडिया के सवाल के जवाब में दिया, जिसमें दावा किया गया था कि रक्षा मंत्रालय ईरान के साथ युद्ध में घायल हुए अमेरिकी सैनिकों की जानकारी सार्वजनिक नहीं कर रहा है। पार्नेल ने कहा कि इसमें जानबूझकर देरी हुई। ऐसा सैनिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया।

उधर अमेरिका और ईरान के बीच लगातार हमले जारी हैं। ईरान ने सोमवार को उन देशों को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। इसके जवाब में अमेरिका ने मंगलवार सुबह ईरान के 9 शहरों पर हवाई हमले किए। ईरानी मीडिया के मुताबिक अबदानान, बंदर अब्बास, बंदर लेंगेह, बुशेहर, चाबहार, केश्म द्वीप, सीरिक, शीराज और कोनारक को निशाना बनाया गया।

28 फरवरी से शुरू हुए ईरान युद्ध में अब तक 17 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 430 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, ईरानी अधिकारियों का कहना है कि इस महीने शुरू हुए अमेरिकी हमलों में अब तक कम से कम 50 लोगों की मौत और 517 लोग घायल हुए हैं।




## सिक्किम टनल हादसा : रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, समरदुंग में एनएचपीसी के तीस्ता प्रोजेक्ट में हुए हादसे में बढ़ी मृतकों की संख्या

# मीथेन गैस रिसाव और धमाके से 10 मजदूरों की मौत, बंगाल से विशेषज्ञों की टीम बुलाई

- 1.5 किलोमीटर लंबी सुरंग का मुख्य प्रवेश द्वार पूरी तरह बंद हो गया था
- मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार मुआवजा

**एजेंसी ⏭ गंगटोक**

सिक्किम के नामची जिले के समरदुंग में सोमवार को एनएचपीसी की तीस्ता स्टेज-6 जलविद्युत परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में एक दर्दनाक हादसा हो गया। चट्टानों के बीच फंसी जहरीली मीथेन गैस के अचानक फटने से हुए धमाके और भूस्खलन के कारण सुरंग का प्रवेश द्वार बंद हो गया। जिला प्रशासन और एनएचपीसी के अनुसार हादसे के वक्त टनल के भीतर करीब 25 से 27 कर्मचारी मौजूद थे, जिनमें से अब तक 10 मजदूरों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अचानक हुए भूस्खलन के कारण लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी सुरंग का मुख्य प्रवेश द्वार पूरी तरह बंद हो गया, जिससे अंदर काम कर रहे मजदूर फंस गए। हादसे के बाद मीथेन गैस के रिसाव ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। 12 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पश्चिम बंगाल से विशेष गैस-प्रोटेक्टिव उपकरणों से लैस विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## शिवसागर, जोरहाट और चराइदेव जिलों में इंजीनियरिंग टास्क फोर्स ने संभाला मोर्चा

# असम में आई भीषण बाढ़ के बीच सेना ने शुरू किया जल राहत अभियान

**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली**

असम में आई भयंकर बाढ़ के बीच मंगलवार से भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन जल राहत-तीन' नामक राहत एवं बचाव अभियान की शुरुआत कर दी है। जिसके तहत बल की इंजीनियरिंग टास्क फोर्स (ईटीएफ) के जवान खासतौर पर राज्य के शिवसागर, जोरहाट और चराइदेव जैसे जिलों में राहत-बचाव अभियान में जुटे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन को भरपूर मदद प्रदान की जा रही है। एक बयान के जरिए सेना ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ईटीएफ की मदद से थलसेना ने तीन विशेष बाढ़ राहत दल राज्य में तैनात किए हैं। जो कि बाढ़ प्रभावित



इलाकों में आम लोगों को बचाने, जलभराव के बीच मुसीबत में घरों में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने और मानवीय सहायता प्रदान करने में लगे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन के अनुरोध पर सेना द्वारा यह राहत-बचाव अभियान चलाया गया है। जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) व अन्य प्रतिक्रिया एजेंसियां भी शामिल हैं।

### चराइदेव से सुरक्षित निकाले गए 150 लोग

सेना ने बताया कि चराइदेव जिले के सोनारी से बल की राहत टीम, ईटीएफ और क्विक रिएक्शन टीम ने मिलकर राहत अभियान चलाया है। जिसमें अकेले सेना ने अब तक 150 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। 150 लोगों में 73 पुरुष, 47 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। इन सभी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। शिवसागर जिले में गरगांव कॉलेज से सेना का बाढ़ राहत दल स्थानीय प्रशासन के साथ प्रभावित इलाकों में राहत अभियान में जुटा हुआ है। इसके अलावा जोरहाट के मरियानी में सेना की एक राहत टीम तैनात की गई है। जो प्रशासन के साथ जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करने के लिए पूरी मुस्तैदी से डटी हुई है। साथ ही एक अन्य आरक्षित राहत दल भी कम समय में सूचना मिलने पर तैनाती के लिए तैयार है।

### संसद में उठा था मामला

बताते चलें कि पूर्वोत्तर भारत में आई बाढ़ के मामले की गूंज बीते दिनों मानसून सत्र के दौरान संसद में भी सुनाई दी थी। जिसका जिक्र लोकसभा में पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने विपक्ष के नीट पेपरलीक और राम मंदिर चंदा चोरी के मामले पर हंगामा कर रहे सांसदों को नसीहत देते हुए किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि हंगामा करने की बजाय विरोधी दलों के जनप्रतिनिधियों को आम जनता से जुड़े हुए महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठाने पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जिसमें असम सहित पूर्वोत्तर भारत में आई भीषण बाढ़ का मामला भी शामिल है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109